हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025



## भुईंया सॉफ्टवेयर हैक कर सरकारी जमीन का फर्जी खसरा नंबर बनाकर किया बटांकन, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राजस्व महकमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। भुइंया एप हैक कर पटवारी की आईडी से सरकारी जमीन को निजी बताकर फर्जी खसरा नंबर तैयार किया गया। उसके बाद उस जमीन का बटांकन कर लोन लिया गया। मामले में नंदिनी पुलिस ने अपराध दर्ज कर सेक्टर-5 निवासी नन्द किशोर साहू को गिरफ्तार किया है।

सूत्रों की मानें तो इस फर्जीवाड़े में करीब 765 एकड़ सरकारी जमीन अलग-अलग लोगों के नाम कर दी गई, जिसकी जांच जारी है। करीब दो महीने पहले आईडी हैक की गई। यह हैकिंग किसने की इसका खुलासा नहीं हो पाया है।



पुलिस ने बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 16 के ग्राम अछोटी एवं मुरमुंदा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग के भुइंया ऑफ्टवेयर को अज्ञात आरोपियों ने पहले हैक किया, फिर फर्जी तरीके से भारतीय स्टेट बैंक शाखा नंदिनी नगर से 36 लाख रुपए का लोन आहरण किया। रकम निकालने वाले आरोपी दिनू राम यादव निवासी सुंदर नगर वार्ड सिलतरा रायपुर व एसराम निवासी अछोटी ने यह पूरा षड़यंत्र रचा। मूल खसरा नम्बर के रकबा में कूटरचित तरीके से नए खसरा नम्बर का बटांकन कर नया खसरा सृजित गया। मुख्य आरोपी दिनू राम यादव ने बैंक के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से बैंक से रुपए निकाले। उक्त रकम को विभिन्न खातो में हस्तांतरित किया। 20,26,547 रुपए को नन्द किशोर साहू के खाते में ट्रांसफर किया गया।

### जमीन फर्जीवाड़ा को लेकर बड़ा सिंडिकेट कर रहा था काम

पता चला है कि जमीन फर्जीवाड़ा को लेकर एक पूरा सिंडिकेट काम कर रहा था। मामले में जल्द ही कई बड़े नाम सामने आने की संभावना है। पुलिस ने बताया कि दिनूराम यादव ने 25 जून 2025 को एसबीआई नंदनी टाउनशिप ब्रांच से 46 लाख का लोन लिया था। 2 जुलाई को एक अन्य व्यक्ति ने कुम्हारी ब्रांच से 36 लाख रुपए का लोन लिया है। मामला संभाग आयुक्त के पास पहुंचा तो एसडीएम ने भुइंया एप में गड़बड़ी सुधारी। इसके बाद मामले में एफआईआर हुई। मुरमुंदा पटवारी हल्का के चार गांवों में यह फर्जीवाड़ा हुआ। मुरमुंदा में 75 हेक्टेयर सरकारी और 22 हेक्टेयर निजी जमीन का फर्जीवाड़ा किया गया है। अछोटी में 45.304 हेक्टेयर सरकारी और 27.087 हेक्टेयर निजी जमीन पर कब्जा किया गया है। चेटुवा में 87.524 हेक्टेयर सरकारी जमीन और बोरसी में 47.742 हेक्टेयर निजी जमीन दूसरे के नाम कर दी गई थी। इस मामले में पाटन के पटवारी मनोज नायक और अहिवारा के पटवारी कृष्ण कुमार सिन्हा को निलंबित किया गया है।

## नहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नंदनी थाना अंतर्गत ग्राम हरदी में एक बुजुर्ग किसान की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम मिलन पिता खेरू राम पटेल (65 वर्ष) बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक मिलन पटेल गुरुवार को अपने खेत की देखभाल के लिए निकला था। जब वे लंबे समय तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। नहर के किनारे उनकी चप्पल मिलने के बाद डूबने की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम के माध्यम से एसडीआरएफ को बुलाया गया। 10 सदस्यीय टीम ने बचाव अभियान शुरू किया। टीम ने दोपहर लगभग 3:30 बजे नहर से मिलन पटेल का शव बरामद किया। शव को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नहर में बहाव अधिक होने की वजह से शायद मृतक बह गया। बाद में डूबने से उसकी मौत हो गई।











## खबर संक्षेप

### एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम कल

**भिलाई।** अनामिका द म्यूजिकल इवेन्ट्स द्वारा एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन 30 अगस्त को एसएनजी ऑडिटोरियम में शाम साढ़े 7 बजे से आयोजित है। आयोजक तरुण देशमुख ने बताया कि न तू जमीं के लिए है न आसमा के लिए सेशन-2 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### हॉकी, खो-खो और फुटबॉल स्पर्धा आज

**दुर्ग।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 20 से 31 अगस्त तक खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। 29 अगस्त 2025 को सुबह 7.30 बजे सुराना कॉलेज मैदान में मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर के नाम से हॉकी खेल, फुटबॉल एवं खो-खो खेल का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों द्वारा खेलों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 30 अगस्त को पुरई स्कूल में पारंपरिक खेल आयोजन किया जाएगा। खेल का नाम कबड्डी, खो-खो, स्थानीय खेल पिट्ठुल, गेड़ी दौड़। 31 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन प्रगति भवन जयंती स्टेडियम में किया जाएगा। रैली शहीद पार्क, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक सहित अन्य मार्गों से होकर गुजरेगी।

### अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल 31 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के कैलेंडर अनुसार दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रविशंकर स्टेडियम में अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा। इसके लिए



खिलाड़ियों का ट्रायल 31 अगस्त को सुबह सुबह 8.30 से 12 बजे के मध्य रविशंकर स्टेडियम में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रेनिंग कैम्प तथा सिलेक्शन मैच में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। ट्रायल्स से संभावित खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं तथा छग क्रिकेट बोर्ड आब्जर्वर के देखरेख में किया जाएगा। अंडर 19 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन उनके क्रिकेट कौशल बैटिंग, बॉलिंग, विकेट कीपिंग, फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। अंतिम 20 सदस्यीय जिला टीम का चयन सिलेक्शन मैच के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए अंडर 19 खिलाड़ियों का कट ऑफ़ डेट 1 सितंबर 2007 निर्धारित है। चयन के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म एवं शुल्क, डिजिटल, मैन्युअल जन्म प्रमाण फोटोकॉपी, स्कूल मार्कशीट विगत 6 साल, बैंक पासबुक, पैन कार्ड की फोटोकॉपी, नवीन पासपोर्ट कलर फोटो आवश्यक होगा। अन्य जिला से ट्रान्सफर खिलाड़ियों का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा। यह जानकारी दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने दी।

### बीएसपी क्रिकेट टीम का गठन, पंजीयन प्रारंभ

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए आयोजित अंडर-16, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। बीएसपी टीम के गठन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन 28 व 29 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में सुबह बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। अंडर-16 (बालक) आयु वर्ग में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2010 से 31 अगस्त 2012 के मध्य और अंडर-23 (बालक) आयु वर्ग के लिए 01 सितम्बर 2003 से 31 अगस्त 2007 के मध्य जन्म लेने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। इच्छुक संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटरमें चयनकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं।

# इंदिरा मार्केट में 16.29 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी तीन मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग, डेढ़ एकड़ जगह तय

## शासन से मिली स्वीकृति, सीएम साय करेंगे शिलान्यास, पुराने आयुर्वेद अस्पताल की जगह चिन्हित




*इंदिरा मार्केट में 16.29 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनेगा। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। अधोसंरचना मद से इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। नगरीय प्रशासन के कार्यपालन अभियंता (अनुदान) ने इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। नियम और शर्तों के अनुरूप गाइडलाइन तय की गई है। इसके हिसाब से निर्माण किया जाना है।पहले फेज में दुर्ग के इंदिरा मार्केट क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए निगम ने कंसलटेंट की मदद ली है।उनके द्वारा ड्राइंग, डिजाइन से लेकर अन्य प्लानिंग कर कार्ययोजना तैयार की गई थी। शासन से आवश्यक संशोधनों के साथ मंजूरी प्रदान की है।*

अतुल अग्रवाल ▶▶| दुर्ग

शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों के आसपास अब तक पार्किंग को लेकर निगम प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया था। पार्किंग के इंतजाम नहीं है। चार पहिया वाहनों के पार्किंग की कोई व्यवस्था निगम नहीं कर पाया है। इसके चलते पार्किंग एक बड़ी समस्या शहर में बनी हुई है। इसे देखते हुए इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की कवायद शुरू की गई है। निगम ने पुराने आयुर्वेद अस्पताल के आसपास की करीब डेढ़ एकड़ जगह चिन्हित की है। जहां तीन मंजिल का मल्टीलेवल पार्किंग बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस मल्टीलेवल पार्किंग का भूमिपूजन करेंगे।

### प्रारंभिक डिजाइन तैयार निविदा की प्रक्रिया भी शुरू

जानकारी के मुताबिक प्रारंभिक डिजाइन हमने तैयार किया गया है। प्रथम चरण में इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग तैयार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जारी आदेश में छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 25 नवंबर 2019 को जारी पत्र का हवाला देते हुए पूर्व निविदा प्रारूप का अनुमोदन कर आगे की कार्रवाई की जानी है। इसके अलावा सभी नॉन एसओआर आइटम्स की निविदा, सामग्री क्रय के पूर्व सक्षम तकनीकीअधिकारी से तकनीकी स्वीकृति, दर का विश्लेषण अनिवार्य किया गया है। जारी किस्त राशि का व्यय उपरांत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो का प्रमाणित फोटोग्राफ्स (हार्डकॉपी) के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा। जियोटैगिंग अनिवार्य की गई है। उपरोक्त वर्णित कार्य यदि पूर्व में किसी भी अन्य योजना, मदद पूर्व वित्तीय वर्ष में निर्मित, स्वीकृत या स्वीकृत हेतु प्रचलित पाए जाते हैं, वो इस कार्य की स्वीकृति के बाद तत्काल शून्य माने जाएंगे।



### हटाया जाएगा अतिक्रमण, 100 से ज्यादा वाहन होंगे खड़े

पिछले करीब 10 वर्षों से लंबित मल्टीलेवल पार्किंग का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। इसका प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिलान्यास करेंगे। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक करीब 100 चार पहिया वाहन इस पार्किंग में खड़े हो सकेंगे। इतना ही नहीं दोपहिया वाहनों के खड़े होने के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। पुराने आर्युवेद अस्पताल की जगह पर इसका निर्माण प्रस्तावित किया गया है। आसपास से अतिक्रमण हटाने की कवायद भी शुरू हो चुकी है। पिछले दिनों पुराना बस स्टैंड के आसपास से कब्जा भी हटाया गया। वर्तमान में इस क्षेत्र में डेढ़ एकड़ के करीब जगह है। जानकारी के मुताबिक दो तरफ से वाहनों की आवाजाही एंट्री बनाई जानी है। अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त यह मल्टीलेवल पार्किंग होगा।

### तीसरे माले तक वाहनों की होगी पार्किंग

अधिकारियों ने बताया कि एक मैकेनिकल मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी। जगह की कमी को देखते हुए ऐसी पार्किंग ज्यादा प्रचलित हैं। उसी तर्ज पर पंडरी में मैकेनिकल पार्किंग बनाएंगे। लोहे के स्ट्रक्चर को असेंबल कर यह पार्किंग तैयार की जाएगी। इसमें चेन सिस्टम होगा। एक कार पार्क होने के बाद चेन सिस्टम से ऊपर चली जाएगी और खाली जगह फिर खाली हो जाएगी। फिर नई गाड़ी आने पर पार्क करते ही वह ऊपर शिफ्ट हो जाएगी। यह तीन फ्लोर की होगी। एक फ्लोर में 40 कार पार्क होगी तो अधिकतम 120 कारों की कैपेसिटी वाली पार्किंग मिल जाएगी। इंदिरा मार्केट में कपड़ा, ज्वेलरी, फर्नीचर सहित सभी तरह के मार्केट हैं। इसलिए ये जरूरी है। इसे देखते हुए पार्किंग तैयार किया जाना तय किया गया है।

### शासन से मिली स्वीकृति जल्द शुरू होगा काम

"शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही इसका काम शुरू होना है। हमारा प्रयास है कि हम मुख्यमंत्री के हाथों इस बड़े काम का भूमिपूजन कराएं। इसे लेकर प्रयास किया जा रहा है। करीब 16.29 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।
**-देवनारायण चंद्राकर**, प्रभारी लोककर्म विभाग नगर निगम दुर्ग

## कचरा प्रोसेसिंग के नाम पर बड़ा खेल

## सेग्रिगेशन के नाम पर हो रही खानापूर्ति, वार्डों से कचरा उठाकर कर रहे डंप, पहुंचा रहे अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड

# नहीं चेत रहा दुर्ग निगम, धमधा नाका के एसएलआरएम सेंटर को बना दिया डंपिंग यार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में कचरा सेग्रिगेशन के नाम पर बड़ा खेल चल रहा है। दिखावे के लिए एसएलआरएम सेंटर बनाकर रखे गए हैं, लेकिन कचरे की प्रोसेसिंग के बजाए उसे अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाकर डंप किया जा रहा है।

धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर इन दिनों इसका केंद्र बना हुआ है। जहां से निगम का स्वास्थ्य महकमा जमकर गड़बड़ी कर रहा है। खास बात यह है कि निगम के सभी जिम्मेदारों को इसकी जानकारी है। बावजूद इसके यह गड़बड़ी पिछले 6 महीनों से लगातार जारी है। बता दें कि आसपास के 10 वार्डों से कचरा उठाकर यहां पहले डंप किया जाता है। इसके बाद दोपहर के समय जेसीबी, चेन माउंटेन, डंफर और अन्य माध्यम से अन्यत्र दूसरे स्थान पहुंचा दिया जाता है। बारिश की वजह से एसएलआरएम सेंटर से उठ रही बदबू ने लोगों को परेशान कर दिया है। लोगों का आक्रोश फूटने लगा है। उन्होंने निगम प्रशासन के चेतावनी दी है कि तत्काल इसे बंद किया जाए, अन्यथा पूरे मामले की शिकायत एनजीटी से लेकर शासन-प्रशासन को की जाएगी। कांग्रेस नेता बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि पहले एसएलआरएम सेंटर की बाउंड्री तोड़ी गई। इसके बाद यहां से लाते-लेजाते समय कचरा सड़क पर फैला। वर्तमान में पूरा क्षेत्र बजबजा रहा है। बदबू उठ रही है। कचरा प्रोसेसिंग के नाम पर निगम में करोड़ों रुपए की गड़बड़ी की जा रही है। मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी अफसरों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

हरिभूमि सरोकार



### शहर के 60 वार्ड से निकलने वाले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 10 सेंटर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के 60 वार्डों से निकलने वाले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 10 जगहों पर एसएलआरएम सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों को तैयार करने के लिए 15 लाख से 23 लाख रुपए तक खर्च किए गए हैं। वर्तमान में आईएचएसडीपी आवास उरला, सिकोलाबस्ती, धमधानाका, कातुलबोड़, रायपुर नाका, चौपाटी, बोरसी हाट बाजार, बोरसी बस्ती, पुलगांव, मरच्यूरी सेंटर के पास एसएलआरएम सेंटर चल रहे हैं। जहां कचरा या तो कचरा डंप हो रहा है, लेकिन प्रोसेसिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कचरे से खाद सिर्फ कागजों में बन रहा है।

### पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड बंद होने पर जगह-जगह किया जा रहा डंप

बता दें कि पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वार्डों से निकलने वाले कचरे का वार्ड में ही प्रसंस्करण किया जाना है। गीला-सूखा अलग करने के साथ कचरे से खाद तैयार किया जाना है। प्लास्टिक, कांच के सामने, लोहे के उपकरण सहित अन्य को अलग-अलग कर उसे बेचा जाना है। शासन के निर्देश पर ही पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरा डिस्पोज किया गया। इसके बाद कचरा कभी गोकुल नगर, कभी नेहरूनगर बायपास रोड, एसएफ बटालियन के सामने, पुलगांव नाले के पास, कादम्बरी नगर, कातुलबोड़, पुलगांव सहित अन्य जगहों पर कचरा डंप किया जा रहा है।

### एनजीटी गाइडलाइन की धज्जियां उड़ा रहा निगम

एनजीटी ने कचरा प्रबंधन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 को लागू करने के आदेश दिया है, जिसके तहत खुले में कचरा जलाने पर प्रतिबंध है। लैंडफिल साइटों का वैज्ञानिक रूप से डिस्पोज किया जाना है। कचरा पृथक्करण को अनिवार्य किया गया है। राज्यों को निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समितियां बनाने का निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, सीवरेज और जैव चिकित्सा कचरे के उचित प्रबंधन का भी आदेश दिया गया है। दुर्ग निगम क्षेत्र में इन आदेशों का कहीं पालन नहीं हो रहा है।
**-अजय कुमार गुप्ता,** पूर्व एल्डरमैन, नगर निगम दुर्ग

## ऑटो के घेरे में शौचालय, लोगों के नहीं आ रहा काम



**भिलाई।** यह तस्वीर पावर हाउस चौक की है, जहां निगम ने जरुरत के समय लोगों के उपयोग के लिए शौचालय बनाया है। वर्तमान में यह शौचालय हर दिन ऑटो के घेरे में रहता है। ऑटो चालकों ने शौचालय के आसपास अवैध ऑटो स्टैंड बना लिया है। इस वजह से शौचालय और प्रसाधन लोगों को नजर तक नहीं आता। खास बात यह है कि यह शौचालय नियमित रूप से बंद रहता है। इस वजह से इसका समुचित उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शौचालय तो बना दिया है, लेकिन पानी के इंतजाम नहीं है। इस वजह से दिक्कत अधिक है। **(फोटो :संजय पांडेय)**

# राज्य कुडो टूर्नामेंट में दुर्ग जिला बना ओवर ऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- **विवेकानंद सभागार में 800 खिलाड़ियों ने लिया भाग**



स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक भवन में चतुर्थ राज्य स्तरीय कुडो टूर्नामेंट में दुर्ग जिला कुडो संघ ओवर आल चैंपियन बना। दूसरे स्थान पर बेमेतरा और तृतीय स्थान पर बलरामपुर की टीम रही। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि लगातार 4 वर्षों से दुर्ग जिला कुडो संघ प्रथम स्थान हासिल कर रहा है। इस प्रतियोगिता में 24 जिले के 800 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कुडो संघ के प्रयासों से राज्य में कुडो खेल आगे बढ़ रहा है। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें अनुशासन, टीम वर्क कड़ी मेहनत का महत्व सिखाता है। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, अनुराधा सिंह आदि मौजूद थे।

## मीडियेशन फॉर द नेशन

# अवकाश के दिन भी खोले गए मध्यस्थता सेंटर में सुलझाए गए तीन मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




- **आपसी सहमति से सुलझाए गए तीन मामले**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के संयुक्त निर्देशन में 7 अक्टूबर तक मीडियेशन फॉर द नेशन को लेकर मध्यस्थता केंद्र खोला गया है। अवकाश के दिन में भी यहां प्रकरणों की सुनवाई कर आपसी सहमति से मामले सुलझाए जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अवकाश के दिन भी न्याय तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। गुरुवार को मध्यस्थता केन्द्र प्रभारी एवं मध्यस्थतों ने व्यक्तिगत सुविधाओं का त्याग करते हुए न्याय दान के प्रति उनके कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए तीन प्रकरणों की मध्यस्थता सुनवाई आयोजित की। उभयपक्ष के मध्य आपसी समझौता हो गया। इस प्रक्रिया में पक्षकारों ने विवाद को सुलझाने हेतु आपसी समझ और सहयोग की भावना प्रदर्शित की। परिणामस्वरूप लम्बे समय से लंबित विवाद का शीघ्र निराकरण संभव हो सका। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न्याय तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना तथा मध्यस्थता के माध्यम से समाज में मैत्रीपूर्ण विवाद निराकरण की संस्कृति को बढ़ावा देना है। पक्षकारों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय में वर्षों तक चलने वाले विवाद का निराकरण मध्यस्थता की मदद से अवकाश के दिन में भी कुछ ही समय में हो गया।

## खादी सिर्फ वस्त्र नहीं, स्वाभिमान का भी प्रतीकः गजेंद्र

**दुर्ग।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी महोत्सव का शुभारंभ किया। सिविक सेंटर भिलाई के वेल्डेक्स ग्राउंड में ग्रामोद्योग बोर्ड अंतर्गत बुनकरों द्वारा स्वदेशी खादी वस्त्रों की बिक्री हेतु प्रदर्शनी लगाई गई है। शुभारंभ अवसर पर ग्रामोद्योग मंत्री यादव ने कहा कि खादी सिर्फ वस्त्र नही, यह आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित जनों से खादी वस्त्रों के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वयं भी खादी वस्त्र खरीदा और सभी से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे, दुर्ग निगम के सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व की हुई शुरुआत

# अजीत नाथ, पार्श्वनाथ और सुमितनाथ का किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में गुरुवार को दसलक्षण पर्व की शुरुआत हुई। 6 सितंबर तक आयोजित इस आयोजन के पहले दिन पारसनाथ दिगंबर जैन सभा द्वारा उत्तम क्षमा धर्म की पूजन की गई। साथ ही भगवान अजीत नाथ, पार्श्वनाथ और सुमति नाथ का मंगल अभिषेक किया गया। जहां शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, गौरव, सोमेश सुनील बाकलीवाल, साकेत जैन, भारत जैन, निशांत जैन आदि को प्राप्त हुआ।

मंच संचालन पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने किया। 10 लक्षण धर्म की 10 दिन के कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उत्तम क्षमा धर्म दिवस पर सभी से क्षमा याचना की। सांगानेर से आए पंडित विवेक जैन द्वारा शांति धारा का वाचन किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के उपाध्यक्ष और प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन ने बताया कि आज छोटे-छोटे बालक अपने परिवार सहित अपने माता-पिता के साथ 10 लक्षण धर्म के उत्तम क्षमा धर्म दिवस पर पारसनाथ भगवान के मंगल दर्शन करते हुए भक्तों ने भक्ति भाव के साथ मंदिर के धोती दुपट्टा धारण कर मंगल अभिषेक किया।



### भक्ति संगीत के साथ देव शास्त्र गुरु की भी पूजा

इस अवसर पर भक्ति संगीत के साथ श्री देव शास्त्र गुरु की पूजन और 24 तीर्थंकर भगवान की पूजन किया गया। पंडित विवेक जैन के साथ साधना जैन, वरुण जैन ने उपस्थित भक्तों के साथ अष्टध्रव्य और श्रीफल अर्पण करते हुए भक्ति भाव के साथ आरती पूजन किया। पंडित विवेक ने कहा कि 10 लक्षण धर्म में सबसे महान धर्म उत्तम क्षमा धर्म है। आज आप सभी अपने दैनिक जीवन में संयम के साथ शांति और सात्विकता के साथ एक दूसरे से क्षमा याचना मांगते हुए अपना दैनिक कार्य करें।

### क्रोध नहीं करने की नसीहत क्षमा वीरों का गहना

इस अवसर पर जैन संतों ने कहा कि किसी पर क्रोध न करें। क्षमा तो वीरों का गहना है। शांति और सद्भावना के साथ क्षमा धर्म को अपने जीवन में उतरे दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का वचन और संध्या भक्ति भाव के साथ महिलाओं ने जैन भवन के प्रांगण में भक्ति गीत का आयोजन किया गया। पंडितों ने क्षमा धर्म पर अपने मंगल प्रवचन दिया। समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे अभिषेक और 8 बजे शांति धारा संपन्न होगी। इस अवसर पर महावीर प्रकाश जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, प्रमोद नहर, मुकेश जैन, अरविंद जैन, जिनेंद्र जैन, कमल जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट मंत्री गजेंद्र का किया अभिनंदन

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर गजेंद्र यादव का अभिनंदन किया गया। इस दौरान ग्राम सेलूद के खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, अजय सिंह ठाकुर, संजय यदु, नेत्रपाल सिंह ने उनके निवास में पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंट करके शुभकामनाएं दी।

### गजेंद्र के मंत्री बनने पर यादव समाज में हर्ष



**अंडा।** दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाने पर यादव समाज में हर्ष का माहौल है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव ने उनसे मुलाक़ात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की संख्या दूसरे स्थान पर होते हुए भी समाज को किसी भी क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बनाने पर समाज के लोगों में खुशी का माहौल है।

### स्कूलों में हो चुका पाठ्यपुस्तकों का वितरण

**उतई।** मचांदुर संकुल के सभी शासकीय शालाओं में कक्षा 1 से 10 वीं के सभी छात्रों को शासन द्वारा प्रदत्त पाठ्यपुस्तकों का वितरण पूर्ण हो चुका है। इस संबंध में भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने बताया कि कक्षा 1-8वीं की वो पुस्तकें भी बच्चों को मिल गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे रही है, जिसके तहत सभी स्कूलों में पुस्तकें वितरण किया जा चुका है।

## निधन

### उषा शर्मा

**भिलाई।** सिकोसा निवासी स्व. शत्रुहन लाल शर्मा की पत्नी उषा



शर्मा का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सिकोसा मुक्तिधाम में किया गया है। वे सुनील शर्मा, सीमा चतुर्वेदी, राजेश शर्मा और सुषमा दुबे की मां थीं।

## मध्यप्रदेश की तरफ बढ़ा सिस्टम, मूसलाधार बारिश नहीं

# नहीं सुधर पाई बिजली व्यवस्था पूरे दिन आती-जाती रही लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चक्रवाती बारिश की वजह से जिले की ध्वस्त बिजली व्यवस्था का सुधार कार्य गुरुवार को भी चला। जिसकी वजह से पूरे दिन और रात तक बिजली की आंख-मिचौली चलती रही। दुर्ग

- कई गावों और सुपेला, रामनगर, छावनी, प्रियदर्शनी नगर आदि क्षेत्रों में बिजली की समस्या बनी रही

ग्रामीण , दुर्ग शहर और भिलाई के कई इलाके में बिजली बंद और चालू की गई। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कतें उठानी पड़ी। खासकर जिन इलाकों में बिजली की पोल गिरे थे वहां फिर से नया पोल लगाने का काम चला। इसलिए बिजली सप्लाई पूर्ण रूप से पटरी पर नहीं आई।

**गुरुवार को बिजली तारों से हटाए गए पेड़**



### इन क्षेत्रों में आती-जाती रही बिजली

दुर्ग शहरी क्षेत्र के अंतर्गत सिविल लाइन, बोरसी, जवाहर नगर, स्मृतिनगर दुर्ग टाउन क्षेत्र में तार और बिजली पोल टूटे गए थे। इन क्षेत्रों में बिजली पोल खड़ा करने का काम चला। भिलाई के अंतर्गत रिसाली, रूआबांधा, सुपेला, रामनगर, छावनी, भिलाई तीन, जामुल सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में बिजली आती-जाती रही।


### ग्रामीण क्षेत्रों में पोल लगाने का चला काम

ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत उतई, चंद्रनगर, लोकनगर उमरपोटी, बोरीगारका, जंजगिरी, पाउवारा, डुंडेरा, पतोरा, सेलूद, चुनकट्टा पाटन क्षेत्र में अमलेश्वर, सांकरा,भाटागांव, अमेरी, अमलीडीह और धमधा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधार कार्य गुरुवार को भी चला। यहां के टूटे पोल की जगह नया पोल खड़े किए गए। उसके बाद लाइन को फिर से पोल में खींचने का काम हुआ।

### वैकल्पिक व्यवस्था हटाया

शहरी व मुख्य ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रारंभ करने के लिए वैकल्पिक इंतजाम बुधवार को किए गए थे। यानी पावर सप्लाई को एक क्षेत्र के दायरे से दूसरे क्षेत्र के लाइन में जोड़ा गया था। विद्युत अमला ने इस इंतजाम को फिर से पहले जैसे करने में भी जुटा रहा। जिसकी वजह से भी बिजली आती और जाती रही है। लोगों को लंबे समय तक बिजली की कमी नहीं उठानी पड़ी।

## दूसरा सिस्टम फिर से नहीं बनेगा तो छिटपुट बारिश ही होती रहेगी



**भिलाई।** दुर्ग सहित प्रदेश से सिनोप्टिक सिस्टम मध्यप्रदेश की तरफ बढ़ गया है। इसलिए अब मूसलाधार बारिश नहीं होगी। जब तक दूसरा सिस्टम फिर से नहीं बनेगा तब तक छिटपुट बारिश ही होती रहेगी। यह बारिश स्थानीय प्रभाव की वजह से होगी। दुर्ग जिले में गुरुवार को पूरे दिन मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। अलसुबह कुछ स्थानों में हल्की बारिश हुई। उसके बाद तेज धूप निकल आई। शाम को यह नजारा पूरी तरह बदल गया। आसमान पर घने काले बादल मंडराने लगे। बारिश भी कुछ देर तक चली।

### इस तरह हुआ सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ और उसके आसपास के मध्य भागों पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र आज उसी क्षेत्र में बना हुआ है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक विस्तारित है जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। मानसून की द्रोणिका श्रीगंगानगर, शिवपुरी, दमोह, छत्तीसगढ़ के मध्य भागों और आसपास के क्षेत्रों पर बने निम्न दाब क्षेत्र के केंद्र, कलिंगपट्टनम से होकर वहां से पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के मध्य तक स्थित है। भारतीय क्षेत्र में अक्षांश 17 उत्तर के साथ औसत समुद्र तल से 4.5 और 5.8 किमी ऊपर क्षेत्र बना हुआ है।

### आज हल्की बारिश के आसार

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि पूर्वानुमानः है कि 29 अगस्त को दुर्ग सहित प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। आकाश सामान्यतः मेघमय रहने के साथ एक-दो बार वर्षा होगी। गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 डिग्री सेल्सियस और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। दो दिन बाद प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## गणेशोत्व की धूम



उतई। श्री गणेश लक्ष्मी उत्सव समिति शीतला पारा खोपली।



उतई। जय उत्सव गणेश उत्सव समिति बाजार चौक खोपली



उतई। मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति पटेल पारा खोपली



उतई। खोपली में स्थापित भगवान लंबोदर।

## 'पुरखा के सुरता' कार्यक्रम के आयोजन को लेकर साहित्यकारों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



मंगलवार को सियान सदन कुम्हारी में प्रांतीय राजीव लोचन साहित्य संस्था की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार मुरारी लाल साव ने अध्यक्षता की तथा रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक विशेष के तौर पर मौजूद थे। बैठक में आगामी 21 सितंबर को भाटापारा जिला बलौदाबाजार में होने वाले कवि सम्मेलन ₹पुरखा के सुरता₹ की रूपरेखा तैयार की गई। इस आयोजन में स्व. फूलचंद चोपड़ा राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ साहित्यकार, स्व. विश्वेंद्र ठाकुर वरिष्ठ साहित्यकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी, स्व.डॉ शिवकुमार भृगु वरिष्ठ साहित्यकार, स्व. शीतल प्रसाद शर्मा साहित्यकार हिंदी अंग्रेजी संस्कृत के विशेषज्ञ, स्व. संतराम साहू छत्तीसगढ़ी के वरिष्ठ साहित्यकार, स्व. अनंत साव (युवा साहित्यकार) स्व. हरपाल कांत गजलकार एवं स्व. घनश्याम रामपुरी गीतकार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में भाटापारा के वरिष्ठ साहित्यकार ठाकुर बलदेव भारती को राजीव लोचन साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए आवश्यक विमर्श कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें ऋषि कुमार साव प्रांताध्यक्ष राजीव लोचन साहित्य संस्था, श्रीमती कल्याणी तिवारी महिला प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष, संस्था के संरक्षकगण रामेश्वर शर्मा, मुरारी लाल साव, डॉ राजेंद्र पाटकर , प्रांतीय सचिव डॉ इन्द्रदेव यदु एवं प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष, रंगकर्मी एवं साहित्यकार विक्रम शाह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप : ढालेश

**उतई।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों की नौ दिनों से जारी हड़ताल ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को चरमराकर रख दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों के बंद रहने से गर्भवती महिलाओं की जाँच, टीकाकरण, डेंगू-मलेरिया नियंत्रण सहित मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हो गई हैं। ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएँ पूरी तरह ठप होने से आमजन को मजबूरी में निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय माँगों को लेकर आंदोलनरत हैं। हड़ताल लम्बी खिंचने से न केवल स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हो रही हैं बल्कि मरीजों की जान भी जोखिम में पड़ रही है। जनपद सदस्य व किसान नेता ढालेश साहू ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह ठप होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। आपातकालीन उपचार जैसी सेवाएँ रुक जाने से आमजन की जान जोखिम में है। राज्य सरकार को तत्काल संवेदनशीलता दिखाकर आंदोलनरत कर्मचारियों से बातचीत करनी चाहिए , जनता का जीवन और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## अमलेश्वर में ढाई इंच की श्रीगणेश की मूर्ति स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति द्वारा लगातार 12वें वर्ष मिट्टी की बनी हुई ढाई इंच की श्री गणेश की मूर्ति शिवपार्क कॉलोनी नगरपालिका परिषद अमलेश्वर में स्थापित की गई है। समिति के वरिष्ठ सलाहकार ललित कुमार बिजौरा एवं अध्यक्ष डॉ.अश्वनी साहू ने बताया कि जल प्रदूषण को कम करने लोगों को जागरूक करने एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से यह मूर्ति स्थापित की गई है । ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि समिति लगातार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही है। बड़ी मूर्ति के विसर्जन से पानी प्रदूषित हो रहा है तथा छोटे जीव जंतु नष्ट हो रहे हैं वहीं मिट्टी की छोटी प्रतिमाएं स्थापित करने से प्रदूषण को कम किया जा सकता है। मिट्टी की बनी ढाई इंच की श्रीगणेश जी की मूर्ति स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अमलेश्वर कक्षा 12वीं कला संकाय में अध्ययनरत चमन निषाद ने बनाई है।

- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद





**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## वेल्डेक्स मैदान में खादी महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**भिलाई।** स्थानीय वेल्डेक्स मैदान में स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्‌घाटन समारोह खादी बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे की अध्यक्षता में लघु ग्राम उद्योग एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के द्वारा संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों सभी वार्ड के पार्षद भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, मंत्री महामंत्री सभी लोगों उपस्थित रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं मंत्री ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग में पहले से 300% की वृद्धि हुई है और हर वर्ग व आयु के लोग इस खादी वस्त्र को पसंद करते हैं और पहनते हैं। यह प्रदर्शनी भिलाई के वेल्डेक्स मैदान सिविक सेंटर में लगाई गई है जो 15 दिन तक संचालित की जाएगी। प्रदर्शनी संगठक अनुराग मिश्रा, प्रबन्धक जी सी दुबे ने बताया कि उक्त सभी त्योहारों को देखते हुए 10% से लेकर 20% तक कि छूट दी जाएगी।

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, खेल हमारी धरोहर : अशोक



**रानीतराई।** दक्षिणमुखी कीड़ा मंडल एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने किया। अध्यक्षता राजेश ठाकुर (ब्लॉक अध्यक्ष जामगांव आर) ने की। विशेष अतिथि रूपेन्द्र शुक्ला (महा.जि.कां.क.दुर्ग,सरपंच जामगांव आर), रश्मि भेदप्रकाश वर्मा (सदस्य जनपद पंचायत पाटन), सत्यनारायण टिकरिहा (सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई), भविष्य जैन (विधा.प्रति. स्व.दाऊ रामचन्द्र साहू महा.), राजा ठाकुर (उपसरपंच),पी.आर विनायक, मल्लू कश्यप,केदार वर्मा,सुमीत विश्वकर्मा ने हनुमानजी महराज,छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना पश्चात किया। इस दौरान डॉ.रामनाथ साहू,नीलमणी साहू,विष्णु वर्मा,समारु देवांगन,शब्बीर खान,रामप्रताप यादव,राजू निर्मलकर,गोपेश्वर चकधारी आदि उपस्थित थे।

## राज्य शासन ने जारी की गाइडलाइन

# भिलाई में सफाई रखने वाले गणेश पंडाल होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम ने गणेशोत्सव पंडालों में स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान शुरू किया है। निगम के हिसाब से जो पंडाल सबसे साफ सुथरा होगा, उन्हें निगम पुरस्कृत करेगा। खास बात यह है कि केवल पंडाल ही नहीं बल्कि श्री गणेश के दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने वाली समितियों की भूमिका को भी पुरस्कार के दौरान काउंट किया जाएगा। पंडाल स्थलों में हस्तनिर्मित उत्पाद और पारंपरिक सजावट की वस्तुए खरीदने, स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है। पंडालों में लगाए स्टॉल संचालकों को गीला कचरा, सूखा कचरा व खाद्य सामग्री का प्रबंधन स्वच्छता नियम के हिसाब से करना है।

### स्वच्छता में दें ऐसी भागीदारी

स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 में जनभागीदारी भी सुश्निचित कर सकते हैं। निगम के यह अभियान केवल गणेशोत्सव समितियों तक ही सीमित नहीं रहेगी। बाजार संघो व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, आवासीय संघो वार्ड समितियों, स्वयं सहायता समूहों गैर शासकीय संगठनों एवं नागरिक संगठनों, यूथ क्लबों, सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इससे स्वच्छ, ग्रीन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गणेशोत्सव का आयोजन किया जा सकेगा।

### स्ट्रीट फूड, स्टॉल ये करें उपयोग

गणेशोत्सव के दौरान गणेशोत्सव समितियों एवं विशेषत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को अपने स्टील एवं आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने कहा गया है। खाने पीने के समान बेचने वालों को ढक्कन मुक्त डस्टबिन का उपयोग करना जरूरी किया गया है। पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग सामग्री का ही इस्तेमाल करना है। जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में स्ट्रीट फूड की उपलब्ध हो।

### बेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी भी लगाएगा निगम

निकाय स्तर पर गणेशोत्सव समितियों से समन्वय कर पंडाल स्थलों पर वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनियों का आयोजन भी होगा। जिसमें दर्शन के लिए आने वाले लोगों अपने घरों व शहरों में साफ-सफाई के प्रति जागरूक बन सके।

### शासन ने जारी की गाइडलाइन

शासन ने देरशाम आगामी दिनों में होने वाले त्योहारों को देखते हुए गाइडलाइन जारी की है। पार्किंग के इंतजाम, जुलूस, रैली, शोभायात्रा के लिए अनुमति अनिवार्य की है। इसके अलावा तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। गणेश पंडालों के लिए दो कैटेगरी बनाई गई है, इसमें 500 व्यक्ति के जमाव या इससे अधिक व्यक्तियों के जमाव वाले स्थलों के लिए अलग-अलग गाइडलाइन जारी की गई है।

### पोर्टल में करें स्वच्छता को अपलोड

समितियों द्वारा अपनी गतिविधियों के जियो-टैग फोटोग्राफ व वीडियो का संकलन कर स्वच्छता पोर्टल में अपलोड करना है। पीआईयू (स्वच्छ भारत मिशन) नगर पालिक निगम भिलाई को प्रेषित कर सकते हैं।

- **राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त

## स्कूल में किया थाली वितरण

**अंडा।** टॉपवर्थ स्टील्स एवं पॉवर प्रा.लिमिटेड रसमड़ा ने ग्राम खपरी (सिलोदा) के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के 200 बच्चों को मध्यान्ह भोजन हेतु स्टील थाली का वितरण किया। कम्पनी के उपमहाप्रबंधक कमलेश पवार , और वरिष्ठ अधिकारी ओमप्रकाश साहू एवं सांसद प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच नारायण साहू ने अपने हाथों से बच्चों को थालियां बांटी। थाली पाकर बच्चों के चेहरे से अपार खुशी छलक रही थी। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक जीवन चन्द्राकर ने अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल के सभी शिक्षक भोजराम यादव, पुष्पा देवी देशमुख, उपेंद्र कुमार कटेन्द्र, विष्णुशंकर साहू, वन्दना रामटेके, दुष्यंत कुम्भकार, लक्ष्मी साहू, सुरुचि ठाकुर व सभी रसोइया व सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 12 सितंबर से रामकथा



**भिलाई।** विश्व विख्यात राम कथा व्यास राजन महाराज के श्रीमुख से हम सभी को कथा रस प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है सभी भिलाईवासियों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है, जिसमें हमें राम रस में डूबकर अपना जीवन धन्य करने का पुनीत अवसर प्राप्त होगा। आयोजन 12 से 20 सितंबर तक किया जा रहा है। बीजेपी को कोषाध्यक्ष और पार्षद विनोद सिंह ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है।

### परियोजना विभाग में नई चेतना कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजनाएँ विभाग में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक उन्मेश भारद्वाज तथा मानस कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम उन्मेश भारद्वाज थे। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिका शुभश्री प्रशांत, सहायक महाप्रबंधक नरेन्द्र इंगले, उप प्रबंधक समायला अंसारी, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी राजेश मौर्य सहित विभागीय कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक महिलाएं उपस्थित थीं। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत प्रत्येक महिला ठेका श्रमिक को अपने अधिकारों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित समुचित जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। महिला ठेका श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी।

# ई-लाइब्रेरी, स्वीमिंग पूल और ई बस सेवा स्टैंड का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

भिलाई निगम द्वारा शहर में विकास कार्य शुरू किए गए हैं। शहीद पार्क में ई लाइब्रेरी बनेगा। इसलिए पार्क में ई लाइब्रेरी को मूर्त रूप देने के लिए पार्क बंद भी किया जा रहा है। प्रियदर्शनी परिसर पूर्व से पश्चिम की ओर रेलवे लाइन के समानांतर रोड निर्माण किया जाना है। प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम स्वीमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग एवं नालंदा परिसर भी बनेगा। ई बस सेवा स्टॉपेज का काम भी शुरू हो गया है।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने होने वाले विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन और स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शहीद पार्क, प्रियदर्शनी परिसर रोड निर्माण का निरीक्षण किया। स्वीमिंग पूल, हार्स राइडिंग व नालंदा परिसर निर्माण संबंधी दस्तावेज एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ई बस सेवा स्टॉपेज में देरी नहीं होना चाहिए। इसके लिए निर्माण एजेंसी कुणाल बिल्डर्स को निर्देशित किया गया है ताकि शीघ्रता से लोगों को ई बस सेवा प्रारंभ हो। इस बस सेवा से जिले के संपूर्ण रूट में सफर करने वालों को लाभ मिल सके।



### ई लाइब्रेरी से कोचिंग विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

लाइब्रेरी के संचालन एवं रखरखाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस ई-लाइब्रेरी के निर्माण से भिलाई कोचिंग के लिए आए बच्चों को प्राकृतिक, मनोरम एवं एकांत वातावरण मिलेगा। लाइब्रेरी के लिए वर्तमान में छात्रों द्वारा निजी स्थानों में किए जा रहे व्यय ज्यादा है, इसके बाद व्यय में कमी आएगी। शहीद उद्यान में संधारण कार्य जारी है जिसके कारण उद्यान 31 अगस्त तक बंद रखा गया है। म्यूजिकल फाउंटेन संधारण के लिए बाहर भेजा गया है, जिसका संधारण कर पार्क में लगेगा। फूड जोन को फिर से प्रारंभ करने के लिए भी चर्चा की गई।

### स्लाटर हाउस का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की उपस्थिति में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। राधिका नगर पानी टंकी समीपस्थ स्लॉटर हाउस का निर्माण किया गया है। इसके संचालन एवं रख रखाव हेतु नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति जारी की गई है। मांस या मटन विक्रेताओ को पशु वध के पूर्व स्लॉटर हाउस से रोग रहित पशु का प्रमाणित करवाना होगा। इसके संचालित होने से रोग रहित एवं प्रमाणित मांस का विक्रय दुर्ग जिले के शहरो में होगा।

# बोकारो, दुर्गापुर, बर्नपुर के बाद अब भिलाई में भी मान्यता यूनियन चुनाव अधर में

## मात्र दो यूनियन ने जमा किए पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में हजारों कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर गतिरोध की स्थिति बन रही है। यूनियन मान्यता चुनाव नहीं होने से प्रबंधन से लंबित समस्याओं पर चर्चा के लिए भरसक दबाव नहीं बन पा रहा है। एनजेसीएस यूनियनों ने एकजुटता दिखाते हुए अन्य संयंत्रों की तर्ज पर ऐलान किया है कि जब तक अपूर्ण वेज रिवीजन समझौता पूर्ण नहीं किया जाएगा, मान्यता यूनियन चुनाव में संयुक्त यूनियन भाग नहीं लेगा। इसके चलते सालभर से लंबित यूनियन चुनाव नहीं हो पाने के साथ कर्मचारी हितों को लेकर प्रबंधन से परिणामकारी चर्चा भी अधर है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में हर दो साल में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव होता है। पिछले चुनाव में बीएमएस ने सर्वाधिक वोट हासिल कर मान्यता हासिल की थी। लेकिन मान्यता काल को खत्म हुए करीबन सालभर हो रहा है। पिछला चुनाव 24 सितंबर को हुआ था। वर्तमान में किसी भी यूनियन के मान्यता में नहीं होने से न तो कर्मचारियों के लंबित मुद्दों को लेकर कोई यूनियन प्रबंधन पर दबाव बना पा रही है और प्रबंधन के सामने भी यह सवाल है कि आखिर वह किस यूनियन से चर्चा करे। इसके चलते अब तक यूनियन चुनाव नहीं हो पाया है। इस दौरान चार एनजेसीएस यूनियन सहित नौ श्रमिक संगठनों यानी संयुक्त यूनियन ने सेल व लोकल प्रबंधन को चेता दिया है कि जब तक सेल कर्मियों को वेज रिवीजन पूर्ण नहीं करेंगे, तब तक चुनाव संबंधी पेपर आदि जमा कर चुनाव में भाग नहीं लेंगे। यूनियन सूत्रों के मुताबिक प्रबंधन की रणनीति चुनाव के नाम पर यूनियनों की एकजुटता तो तोड़ना है। वर्ष 2017 में वेज रिवीजन एनजेसीएस बैठक में भी केंद्रीय यूनियनों की एकता को बहुमत के नाम पर तोड़ा गया था।

**खास बातें**

- सालभर से बीएसपी में नहीं है कोई मान्यता यूनियन, श्रमिक संगठनों व प्रबंधन के बीच गतिरोध
- संयुक्त यूनियन ने रखी पहले कर्मचारी वेतन समझौता पूर्ण करने की शर्त

## लंबित हैं कई समस्याएं




### जीरो मान्यता होने से जहां कर्मियों के मुद्दे अटके रहेंगे

मान्यता यूनियन चुनाव को लेकर न सिर्फ भिलाई बल्कि सेल की कई अन्य यूनिटों में भी इसी तरह की एकजुटता बताई जा रही है। इससे सेल प्रबंधन सकते में है। इसकी वजह जीरो मान्यता होने से जहां कर्मियों के मुद्दे अटके रहेंगे वहीं प्रबंधन के सामने भी प्रतिनिधि यूनियन का सवाल बना रहेगा और गतिरोध की स्थिति भी बनी रहेगी। यूनियनों के मुताबिक दुर्गापुर में वर्ष 2016 और बोकारो में भी चार साल से मान्यता चुनाव नहीं हुआ है। बर्नपुर भी चुनाव नहीं हुआ है। मामला कोलकाता हाईकोर्ट तक जा पहुंचा है। चुनावी गतिरोध के बीच अब यूनियनों को सीएसली द्वारा लंबित एरियर्स पर 9 सितंबर को बुलाई गई सीएलसी की बैठक का इंतजार है।

### सिर्फ दो यूनियन ने एएलसी में जमा किए अपने दस्तावेज

यूनियनों के रणनीतिक एकजुटता के चलते चुनाव प्रक्रिया के नाम पर अब तक केंद्रीय उप श्रमायुक्त व प्रबंधन द्वारा 4 माह पूर्व मात्र एक दफा बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी प्रतिभागी यूनियनों को सदस्यता आदि संबंधी दस्तावेज जमा करने कहा गया था, ताकि चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। अब तक मात्र सीटू और पहली बार चुनाव में भाग लेने वाली नवोदित यूनियन अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने ही एएलसी के पास पेपर जमा किए हैं। इंटक, एटक, एचएमएम, बीएमएस, एक्टू, लोईमू, स्टील वर्कर्स यूनियन यानी संयुक्त यूनियन ने एकजुटता दिखाते हुए पहले सेल वेतन समझौता पूर्ण कराने का हवाला देते हुए दस्तावेज जमा नहीं किए हैं।

# दुर्ग जिले के एनएचएम कर्मी आज राजधानी में प्रदर्शन करने करेंगे कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के एनएचएम कर्मी शुक्रवार को राजधानी रायपुर तूता के लिए कूच करेंगे। राजधानी में प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। पिछले 11 दिनों से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ये स्वास्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने कहा की मोदी की गारंटी खोज अभियान अंतर्गत शुक्रवार 29 अगस्त को प्रदेश के सभी कर्मचारी अपने-अपने जिलों से राजधानी की ओर कूच करेंगे तथा मार्ग में पड़ने वाले सभी शहरों तथा गांव में मोदी की गारंटी खोज अभियान का पंपलेट के माध्यम से पता करने का प्रयास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा ऐसे 2 लाख पंपलेट प्रदेश में सभी जिलों में वितरित किए जाएंगे तथा हड़ताली कर्मचारी अपने घर, परिवार, रिश्तेदार, सहित जान पहचान के लोगों और राहगीरों, दुकानदारों ,आम जन को इस पंपलेट के माध्यम से गारंटी के लापता होने के संबंध में बताते हुए अपनी व्यथा और तकलीफ साझा करेंगे।

- 11 दिन से चल रही है अनिश्चितकालीन हड़ताल

### पांच मांगें मान ली गईं हैं, यह शासन का दुष्प्रचार

हड़ताली कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के इस बयान का भी खंडन किया है कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों में से पांच मांगे पूरी कर दी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि यह पूरी तरह से सही नहीं है और भ्रामक बात है। केवल एक ऐसी मांग है जिस पर सर्कुलर जारी हुआ है अन्य किसी भी मांग पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तथा मांगों के स्वरूप को बदलने का प्रयास शासन- प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। 20 वर्षों से शोषित ,पीड़ित, अल्प वेतन में काम कर रहे एन एच एम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने नियमितीकरण ,स्थाईकरण पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जरूरी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं जिस पर वर्तमान सरकार के द्वारा बहुत निवेदन करने और ज्ञापन देने के पश्चात भी कोई सुनवाई नहीं की गई। उक्त मांगों को केंद्र सरकार के मत्थे मढ़ा जा रहा है जबकि तकनीकी रूप से प्रदेश में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के कर्मचारियों का पूरा विषय राज्य सरकार के निर्णय के अधीन होता है।

# घर और शो-रूम में कैमरे लगाने वालों को दुर्ग एसएसपी ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आंवला बाड़ी नगपुरा में हुई हत्या की गुत्थी सुलझाने में सीसीटीवी कैमरों की भूमिका अहम रही। सीसीटीवी फुटेज से ही आरोपी की पहचान हो सकी। नगपुरा और सरस्वती नगर के रहवासियों ने शो रूप, दुकान और घर में सीसीटीवी लगा रखे हैं, जिसका उपयोग पुलिस की जांच में सहयोगी सिद्ध हुआ। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने ऐसे लोगों को सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मुख्य रूप से संजय सिंह ठाकुर दुर्ग, लखन लाल टंडन मोर ढाबा नगपुरा, मोहेश सोलंकी सरस्वती नगर दुर्ग, गणेश ढीमर सरस्वती नगर दुर्ग को सम्मानित किया गया।

- नगपुरा हत्याकांड में सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों तक पहुंची थी पुलिस

# सुरक्षा ऐप और ऑपरेशन सुरक्षा के तहत वाहनों की जांच, 250 चालकों से वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग पुलिस इस समय "सुरक्षा ऐप" और "ऑपरेशन सुरक्षा" के तहत दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच तेजी से कर रही है। ट्रैफिक पुलिस हर संदिग्ध वाहन के साथ बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों की जांच और कार्रवाई कर रही है।

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि 28 अगस्त 2025 को दुर्ग जिले में यातायात पुलिस द्वारा "सुरक्षा ऐप" के जरिए वाहनों की जांच की गई। इस दौरान विशेषकर ऑटो डीलरों के पास खड़े वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान उन्हें कई संदिग्ध वाहन मिले। इस ऐप के जरिए पुलिस ने पहले भी जांच की थी और उन्हें कई चोरी व अन्य संदिग्ध वाहन मिले थे। इसीको देखते हुए फिर से ऐप के जरिए जांच की जा रही है। इससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिल रही है।

"सुरक्षा ऐप" की विशेषता यह है कि किसी भी वाहन का नंबर दर्ज करते ही उसके संबंध में उपलब्ध समस्त आपराधिक अभिलेख तुरंत सामने आ जाते हैं। यदि वाहन चोरी का है अथवा किसी अपराध में प्रयुक्त हुआ है तो उसकी जानकारी तुरंत पता चल जाती है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस "ऑपरेशन सुरक्षा" के तहत जिलेभर में चालानी कार्रवाई भी कर रही है। पुलिस ने गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाकर नेहरू नगर चौक, मालवीय नगर चौक, पुलगांव चौक, सिरसा गेट चौक, कुम्हारी टोल प्लाज़ा सहित अन्य जगहों से 35 हजारह रुपए का जुर्माना वसूल किया। इसमें ड्रिंक एंड ड्राइव के 28 प्रकरण, रैश ड्राइविंग के 15, बिना सीट बेल्ट के 26, नो पार्किंग के 32 मिलाकर कुल 250 मामले शामिल हैं, जिसमें चालानी कार्रवाई की गई।

## मटका फोड़ स्पर्धा के प्रतिभागी सम्मानित

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चे कृष्ण -राधा की वेशभूषा में सुन्दर नृत्य किया। सभी बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ में बच्चों द्वारा मटका सजाओं प्रतियोगिता में भाग लिया। रंग बिरंगे मटका सजाया गया। मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें बहुत बच्चों ने भाग लिया। हेमराज बारले ने अकेले मटकी फोड़ी। इसके पश्चात दही लूट का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पीएम स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, अंजू साहू, मनोरमा हालदार, दीपमाला चन्द्राकर एवं गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार भामिनी राज अध्यक्ष, स्मृति सोनी अध्यक्ष, मोती लाल मार्कण्डेय अध्यक्ष, स्मृति सोनी,लक्ष्मी साहू, ललित बाई साहू, यशवंत साहू, और बहुत ग्रामीण उपस्थित थे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# यांत्रिकी सेवाएं विभाग का सुरक्षा सप्ताह

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के यांत्रिकी सेवाएँ विभाग द्वारा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। सुरक्षा सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। टूल्स एवं टैकल्स वर्कशॉप में सीजीएम प्रमोद कुमार के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में यांत्रिकी सेवाएँ विभाग के सभी अनुभाग ईबीएसआई, क्रेन इंजीनियरिंग, अभियांत्रिकी, बेयरिंग अभियांत्रिकी, हाइड्रोलिक्स एवं न्यूमेटिक तथा कंडीशन बेस मॉनिटरिंग सिस्टम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने विभिन्न कार्यों में निहित संभावित जोखिमों के बारे में जानकारी दी और उनसे सुरक्षित रहने उपायों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ वार्ता तथा सेफ्टी क्विज का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा फायर एक्सटिंग्विशर का प्रदर्शन, ओएच.एस. विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, वरिष्ठ प्रबंधक हिमांशु वर्मा द्वारा नियर मिस केस, टीबीटी और सेफ्टी गवर्नेंस पर सत्र तथा ईएमडी विभाग द्वारा गैस सुरक्षा पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।कर्मचारियों ने सुरक्षा गीतों और कविताओं के माध्यम से सुरक्षा के संदेश दिए। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक जे तुलसीदासन ने सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा के संबंध में जीरो टॉलरेंस नीति पर विशेष बल दिया।




**विजेता हुए पुरस्कृतः** विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक अरविंद कुमार चौबे ने कहा विभाग ने पिछले कई वर्षों से शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड कायम रखा है। समापन समारोह के अवसर पर सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित स्लोगन, कविता, पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं बेस्ट सेफ्टी मैन श्रेणी में भी विजेताओं को सम्मानित किया गया।


हरिभूमि
We are Hiring
Graphic Designer
- Qualification : Graduation
- Software Skill : Coreldraw, Photoshop
- Experience: 4- 5 Yrs ex.
Send resume to haribhoomibhilai@gmail.com
Address: Haribhoomi Bhilai Office Opp. Adarsh Petrol Pump, In front of Usha Tower, Over the Radha Pathalogy lab.
Contact No. 7000194451, 0788-4091720

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
30 अगस्त दिन शनिवार, समय - 11:00 बजे से 4:00 बजे तक
पता- चन्द्राकर मेडिकोज, शॉप नं. 44, ए-मार्केट, (कालीबाड़ी के बाजू में) हुडको, भिलाई (छ.ग.)
— मूत्र एवं किडनी रोग —
क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
रात में बार-बार पेशाब जाना
- पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
- प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
- मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele,Varicocele)
- पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
यौन रोग
पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction
12000 से अधिक मरीजों का सफल इलाज 15 वर्ष का अनुभव
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



04
साड़ी से लेकर सूट के साथ में बेस्ट लगेंगे जूड़े, जानिए आसान तरीका

दूसरे दिन :

## गणपति का स्वरूप और संदेश

### बड़े कान सुनने की कला, धैर्य और जीवन प्रबंधन की शिक्षा सिखाते हैं

**भिलाई।** भगवान गणेश के बड़े कान केवल एक अलंकारिक प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का गहरा सूत्र हैं। वे हमें यह सिखाते हैं कि जो सुनना जानता है, वही सीखना जानता है और जो धैर्य से सुनता है, वही दूसरों का विश्वास जीतता है।



वैदिक आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि आज की दुनिया में अधिकांश लोग केवल बोलने की होड़ में रहते हैं। मैं कहूँ, मैं बताऊँ परंतु सफलता उसी के पास जाती है जो कहने से अधिक सुनना जानता है। गणेश के बड़े कान हमें यह स्मरण कराते हैं कि जीवन का सच्चा ज्ञान बोलने में नहीं, बल्कि सुनने में छिपा होता है। बिना सुने ज्ञान भी अधूरा है। इसीलिए गणेश को विघ्नहर्ता कहा गया है। वे पहले सबकी बातें ध्यान से सुनते हैं और फिर समाधान प्रस्तुत करते हैं। गणेश के बड़े कान इसी श्रवण साधना का प्रतीक हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि जीवन के हर क्षेत्र में सुनने की कला ही आत्म-विकास की प्रथम सीढ़ी है। कार्यालय में श्रेष्ठ नेतृत्व वही है, जो केवल आदेश न दे, बल्कि कर्मचारियों की समस्याएं भी सुने। परिवार में पति-पत्नी का रिश्ता तभी मजबूत होता है जब दोनों केवल अपनी न कहकर, एक-दूसरे की सुनते है। शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श शिक्षक वही है जो विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को सुनता है, न कि केवल अपना लेक्चर देता है। गणेशोत्सव के दूसरे दिन का संदेश है कि सुनना, समझना और धैर्य रखना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। गणेश के बड़े कान हमें यही प्रेरणा देते हैं कि कम बोलो, अधिक सुनो। धैर्य से सुनो, विवेक से निर्णय लो। इसी में जीवन का संतुलन और सफलता दोनों निहित हैं।

सिटी इवेंट

## स्टूडेंट्स को मिला न्यायालयीन कार्यवाही का अनुभव, हुई कोर्ट स्पर्धा



**दुर्ग।** विद्यार्थियों को न्यायालयीन कार्यवाही का वास्तविक अनुभव और तर्कशक्ति सिखाने के लिए भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विधि संकाय और आईक्यूएसी सेल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विधि के विद्यार्थियों को न्यायालयीन कार्यवाही का अनुभव प्रदान करने और वकालतनामा प्रस्तुत करने की क्षमता को निखारने के लिए किया गया था। इस प्रतियोगिता में पंचवर्षीय एलएलबी, तीन व पांच साल के बीए एल एल बी और बी कॉम एल एल बी के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अतिथि निर्णायक के रूप में अधिवक्ता ऋषभ मिश्रा और कल्याण विधि महाविद्यालय के डॉ. जयंत धुरंधर ने भाग लिया। दोनों ने प्रतिभागियों के कानूनी तर्क, साक्ष्य प्रस्तुति और अभिव्यक्ति कौशल का मूल्यांकन किया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ. प्रो. बी. एन. तिवारी कुलपति, डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार रजिस्ट्रार, डॉ. आलोक भट्ट डीन अकादमिक और डॉ. आर .पी. अग्रवाल डायरेक्टर सहित सलाहकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कुल 10 टीम ने भाग लिया। जिसमें 2 श्रेष्ठ टीम का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को पहले वर्ष के विद्यार्थियों के साथ सभी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में विधि संकाय की डीन डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, आस्था चतुर्वेदी, सम्पदा बैस, ऋषभ शर्मा, सरिता गुप्ता, श्रुति यादव, शिवम भट्टाचार्य सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

सिटी इवेंट

## ब्राह्मण महिलाओं ने मनाया तीजोत्सव, सरोज बनीं क्वीन



**दुर्ग।** भाद्र पक्ष में सुहागिनों के महापर्व तीजा को इस बार ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने कुछ नए अंदाज में मनाया। मंदिर में जहां सभी सुहागिन चार प्रहर की पूजा करने एकत्रित हुईं।

महिलाओं के साथ संरक्षक सुमन पांडे, अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने सुहाग सामग्री देते हुए पूजा अर्चना की साथ ही मठमन्दिर में सोलह श्रृंगार में आई बहनों को तीज क्वीन चुना। प्रथम सरोज मिश्रा, द्वितीय संध्या तिवारी रहीं, जिन्हें गीतांजलि तिवारी एवं तूलिका तिवारी ने सम्मानित किया। मुख्य सहयोगी पुष्पा तिवारी, शैल किरण शुक्ला रहीं। महिलाओं ने राधा कृष्ण मंदिर में नृत्य नाटिका के स्वरूप में अपने अखण्ड सुहाग की कामना की। इस कार्यक्रम में दिव्या मिश्रा, स्वेता मिश्रा, सुधा तिवारी, उषा चौबे सहित अन्य मौजूद थीं।

● गणेशोत्सव : नव जागृति श्री गणेश उत्सव समिति श्रीराम चौक खुर्सीपार में मनमोहक झांकियां

# एक यात्रा-बारह धाम, भक्ति में लिपटा हर एक स्थान पासपोर्ट दिखाकर होंगे विघ्नहर्ता और 12 तीर्थों के दर्शन

**भिलाई।** ट्विनसिटी में इन दिनों गणेशोत्सव पर झांकियों और मेलों की धूम है। विभिन्न सेक्टर और आद्योगिक क्षेत्रों अलग-अलग थीम पर झांकियां तैयार की गई हैं, जहां पहले दिन से ही हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इन्हीं झांकियों में से एक खुर्सीपार अंडा चौक में एक यात्रा- बारह धाम, भक्ति में लिपटा हर एक स्थान की थीम पर गणेश पंडाल में हजारों रूपये खर्च किये बिना ही श्रद्धालु चारों धाम की यात्रा सहित खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने पहले दिन से ही पहुंच रहे है। जहां लोगो को आमंत्रण पत्र न देकर टिकट के रूप में फ्लाईट के जैसे बोर्डिंग पासपोर्ट जारी किया गया है अपने आप में यह अनोखा इन्वीटेशन पासपोर्ट भी लोगो को लुभा रहा है। नव जागृति श्री गणेश उत्सव समिति श्रीराम खुर्सीपार में बना भव्य गणेश पंडाल लोगो के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां लोग 12 तीर्थो की 10 हजार किमी. से भी अधिक यात्रा का धर्म लाभ खुर्सीपार में जाकर प्राप्त कर रहे है।

### श्याम बाबा व सिद्धी विनायक में भीड़

12 प्रमुख तीर्थ यात्रा में बने चारों धाम यात्रा की झांकी में सबसे प्रमुख चार केदारनाथ, बद्रीनाथ, ओड़िसा के जगन्नाथ और तमिलनाडु का रामेश्वरम के साथ ही गुजरात के सोमनाथ, आंध्र प्रदेश के तिरूपति बालाजी, उत्तर प्रदेश का मथुरा-वृंदावन, अयोध्या राम मंदिर, बनारस के काशी विश्वनाथ छत्तीसगढ़ की माता बम्लेश्वरी का धाम डोंगरगढ़, राजस्थान के खांटू श्याम, सिद्धी विनायक मंदिर महाराष्ट्र आदि प्रमुख मंदिरों का दर्शन हजारों खर्च किये बिना ही भक्त कर सकेंगे। अपनी खूबसूरती दिखाती यह झांकी लोगों को खूब भा रही है। इस पंडाल को बनाने के लिए कोलकाता के तीन अलग-अलग टीमें ने 45 दिनों मे बनाकर तैयार किया है।





### महाआरती के बाद भंडारा

समिति के प्रवीण ने बताया कि 12 प्रमुख तीर्थ यात्रा एक यात्रा- बारह धाम, भक्ति में लिपटा हर एक स्थान की थीम पर गणेश पंडाल तैयार किया गया है। पूरे गणेश पंडाल में अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गये है। काफी आकर्षक लाइटिंग के साथ विशेष साज-सज्जा की गई है। इसके अलावा प्रतिदिन गणेश पंडाल में सुबह और शाम के समय भव्य आरती की जा रही है। जहां हजारों भक्तों इस समय पर जुट रहे हैं। इसके अलावा हर दिन हजारों से ज्यादा लोगों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है। भंडारे के माध्यम से इसका वितरण किया जा रहा है।

### मैसूर पैलेस के साथ चार धाम की यात्रा



समिति के आयोजन में फ्रंट गेट 8 हजार स्क्वायर फीट में कर्नाटक का मैसूर पैलेस बनाकर तीर्थ यात्रा की झांकी और 5 हजार स्क्वायर फीट एरिया में विघ्नहर्ता गणपति की 15 फीट की भव्य प्रतिमा विराजमान है जो कि शिल्पग्राम थनौद के प्रेमलाल चक्रधारी दवरा बनाया गया है। गणपति दर्शन के लिए अलग द्वार और झांकी के लिए भी अलग अलग द्वार बनाए गये है।

## विपरीत परिस्थिति में मनः स्थिति न बिगड़े यही क्षमा भाव है : आर्यिका अक्षयमती

**भिलाई।** वर्षभर में यदि किसी से मनमुटाव हुआ हो, किसी ने दुर्व्यवहार किया हो, क्रोध रूप परिणाम हुए हो, किसी ने नुक्सान पहुँचाया हो, ऐसे में भावों का बिगड़ना स्वाभाविक हैं परन्तु विपरीत परिस्थिति में मनःस्थिति न बिगड़े, यही क्षमा भाव हैं। सबको क्षमा, सबसे क्षमा का भाव भी वीरता का लक्षण हैं इसलिये शास्त्रों में कहा गया है। क्षमा वीरस्य भूषणं अर्थात क्षमा वीरों का आभूषण हैं। यह बातें गुरुवार को आर्यिका अक्षयमति ने कही।

आर्यिका 105 श्री अक्षयमती माताजी और आर्यिका 105 श्री निर्मदमती माताजी के ससंघ सान्निध्य में दसलक्षण धर्म के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की विशेष आराधना जैन



भवन, नेहरूनगर, भिलाई में सम्पन्न की गई। श्री पार्श्वनाथ जिनालय में प्रथम शांतिधारा करने का परम मंगल सौभाग्य विजया दोशी, डॉ. आर के दोशी-सुनीता दोशी परिवार और अनिल जैन- उषा जैन परिवार मिला। साथ ही नवीन पांडुकशिला में श्रीजी को विराजमान करने का पुण्य भी प्राप्त किया। इस अवसर पर सुबह सैकड़ों भक्तों ने अभिषेक, पूजन और माता के प्रवचनों का लाभ लिया। इस अवसर पर शाम की आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम विविध वेशभूषा में बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

## विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किए गए डॉ. मोहम्मद शादाब



**भिलाई।** अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से युवा अस्थिरोग सर्जन डॉ. मोहम्मद शादाब और वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद फारूक का सम्मान उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए किया गया। हर साल 10 दिन तक चलने वाले शोहदाए कर्बला के आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए अंचल के प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाता है। संस्था के प्रमुख हुसैन अली अशरफी ने बताया कि इस आयोजन में डॉ. शादाब और मोहम्मद फारूक का भी सम्मान होना था। डॉ. शादाब वर्तमान में शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज-अस्पताल भिलाई में अस्थि रोग सर्जन के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं वर्तमान में दूरदर्शन के स्थानीय प्रतिनिधि मो फारुक विगत तीन दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। सम्मान के दौरान डॉ. शादाब के पिता और चिकित्सक डॉ. लाल मोहम्मद और साहित्यकार अब्दुल कलाम व अन्य उपस्थित थे।

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दवाई डिजाइन पर दी जानकारी

## नई दवाएं बनाने के साथ बेहतर तकनीक जरूरी, नौकरी लेने वाला ही नहीं देने वाला बनने राष्ट्रीय सेमिनार में दिया जोर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अगली पीढ़ी को दवाओं की डिजाइन और निर्माण विषय पर केंद्रित एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में कमला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। दवाओं की डिजाइन और निर्माण विषय पर सेमिनार में मुख्य वक्ता पुणे की राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था एडवेंट इन्फॉर्मेटिक्स के वैज्ञानिक आदित्य मिश्रा थे।





### सही तकनीक से ही मिलता है बेहतर परिणाम

उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने कहा कि नई दवाएं बनाना ही नहीं बल्कि उसके लिए प्रयुक्त की जा रही तकनीक महत्वपूर्ण होती है, जो यह तय करती है कि दवा को शरीर में पहुंचने की तकनीक कितनी प्रभावी है। क्योंकि सही तकनीक से ही बेहतर परिणाम मिलता है। उन्होंने बताया कि बेहतर दवा वितरण प्रभाव से औषधियां प्रभावित अंगों तक आसानी से पहुंचती हैं। फार्मेसी के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान पर कहा कि हमें नौकरी लेने वाला ही नहीं देने वाला बनना है। आज स्टार्टअप के क्षेत्र में शासन की महती योजनाएं विधार्थियों के लिए हैं जिनका लाभ उठाया जाना चाहिए।

### वक्ताओं ने रखे अपने विचार, दिए टिप्स



मुख्य वक्ता आदित्य मिश्रा ने विद्यार्थियो को दवाओं की डिजाइन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले बीमारी की पहचान करके उसमें शामिल प्रोटीन को पृथक किया जाता है फिर उस प्रोटीन को प्रभावित करने वाली दवा के विकास की तैयारी की जाती है। जिसके लिए प्रारंभिक क्लिनिकल परीक्षण किए जाते है और सूत्र निर्धारित कर मानव पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया जाता है, पूरी प्रक्रिया में काफी समय लगता है तब जा कर अप्रूवल मिलता है। उन्होंने बताया कि दवा प्रौद्योगिकी में नैनो पार्टिकल के माध्यम से दवाओं का नियंत्रण किया जाता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध की समस्याओं को दूर करने नई दवाओं का विकास भी जरूरी है। कमला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के प्राचार्य देवेंद्र कुमार साहू और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने भी विधार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने फार्मेसी में हो रहे नवाचार की चर्चा करते हुए उज्वल भविष्य बताया। श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के डायरेक्टर डॉ पी बी देशमुख ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, डायरेक्टर डॉ सागर मोहन अग्निहोत्री, आकांक्षा पांडे, डॉ विनय सागर वर्मा सहित काफी संख्या में प्रतिभागी, विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित थे।

# गणेशोत्सव की धूम



भिलाई। नवयुवा मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति न्यू खुर्सीपार भिलाई।





भिलाई। सीजी मिरर्स कल्चरल ग्रुप गणेश उत्सव समिति सड़क 11, से.1

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की दुर्ग-भिलाई इकाई ने मनाया अपना तीज मिलन

# वीरांगनाओं ने गीत-संगीत और लोक परंपराओं की बिखेरी सतरंगी छटा, रैंप वॉक कर संस्कृति से जुड़े रहने दिया संदेश

**भिलाई।** महिलाओं के पारंपरिक पर्व तीज को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय वीरांगना ग्रुप ने तीज मिलन का आयोजन किया, जहाँ गीत-संगीत और लोक परंपराओं की छटा बिखरी। अखिल भारतीय वीरांगना ग्रुप द्वारा धूमधाम से तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। मंगल गीतों और लोकनृत्य की धुनों पर सभी झूम उठीं। आयोजन में पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए महिलाओं ने व्रत-पूजन भी किया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता, झूला झूलना और पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया। ग्रुप की पदाधिकारियों ने तीज पर्व की महत्ता बताते हुए महिलाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की दुर्ग-भिलाई इकाई का तीज मिलन कार्यक्रम बडी भव्यता से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। उन्होंने संगठन में संगठित रहने के लिए सभी को प्रोत्साहित करते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया। महिला बाइकर डॉ नम्रता सिंह ने सभी महिलाओं को अपनी संस्कृति का पालन करते हुए आधुनिक निडर महिला बनने की सलाह दी।



### नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

कार्यक्रम में संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंचनलता चौहान, रायपुर जिलाध्यक्ष आशा सिंह, वरिष्ठ महामंत्री सुष्मिता अग्निवंशी जिला कोषाध्यक्ष उर्मिला सिंह सहित अन्य सदस्याएं प्रमुखरुप से उपस्थित रही। इस दौरान सभी को स्वदेशी अपनाने और नई कार्यकारिणी को मनोनयन पत्र देकर संगठन के प्रति कर्तव्य की शपथ दिलाई गई।

### प्रतियोगिताओं में रही विजेता

विभिन्न मनोरंजक खेल खेलें गए। जिसमें क्षणिक प्रतियोगिता में प्रथम गायत्री सिंह राठौर, द्वितीय स्वाति, तृतीय अनिमा सिंह विजेता रही। सभी ने जोड़ी प्रतियोगिता को खूब एन्जॉय किया गया। जोड़ी प्रतियोगिता में प्रथम जोड़ी पुष्पा सिंह और सुषमा सिंह विजेता रही। महिलाओं का लोकप्रिय गेम हाउजी में प्रथम गायत्री सिंह, द्वितीय सुधा राठौर और तृतीय आशा ठाकुर रही। तीज क्वीन आशा ठाकुर, फर्स्ट रनर अप गायत्री सिंह राठौर, सेंकेड रनर अप रही सुषमा सिंह को विजेता का खिताब मिला।



### रंगारंग प्रस्तुतियों में खूब किया एंजॉय



तीज महोत्सव में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। इस दौरान सदस्याओं ने एक से बढ़कर एक धमाकेदार परफोर्मेंस देकर खूब तालियां बटोरी। जिसमे सोनी सिंह ने बॉलीवुड तीज स्पेशल, निरीक्षा सिंह ने शास्त्रीय कथक, स्वाति सिंह और कंचन सिंह ने भोजपुरी युगल नृत्य, दुर्गेश ठाकुर और उमा परमार ने राजस्थान का पारंपरिक घूमर नृत्य , सुधा सिंह ने गीत, संध्या सिंह ने भजन, संध्या चंदेल ने गजल की प्रस्तुति दी। स्वागत गीत रचना सिंह और अंजलि बिसेन द्वारा गाया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष गायत्री सिंह राठौर और अंत में आभार व्यक्त पुष्पा सिंह ने किया।
तीज सेलिब्रेशन के इस आयोजन में जिला अध्यक्ष ललिता सिंह, कोषाध्यक्षा कुसुम सिंह, उपाध्यक्षा अनिमा सिंह, अनिता सिंह, प्रभा सिंह, आशा ठाकुर, मंजू सिंह, अंजलि बिसेन, गायत्री सिंह, सुषमा सिंह, शशिकला सिंह, डॉ प्रभा, प्रेमा सिंह, संजय सिंह, संजू सिंह, सुनीता सिंह, स्वाति परमार सहित अन्य सदस्याओं ने उपस्थित होकर विशेष सहयोग दिया।

## सिटी इवेंट

### तीज उत्सव : महिलाओं ने मैदे से बिंदिया से लेकर बिछिया तक बनाया



**भिलाई।** हर साल की तरह इस बार मंडल ने नंदा पांडे निवास स्थान पर बड़े धूमधाम से उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि तीज मिलन समारोह में भारतीय महिलाएं अपनी पहचान बताती हैं कि हमारी भारतीय संस्कृति कैसी है। अपना पूरा ध्यान रखती हैं। आज के आधुनिक जमाने में भी हम महिलाएं पूरे श्रृंगार कर गर्व महसूस करती है। अपनी नई पीढ़ी को बताती है हम संस्कार के धनि हैं। नारी एक परिवार की धुरी है। अपनी भारतीय परंपराओं को नहीं भूलना चाहिए। हमारे भारत की शान हैं। इस अवसर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के साथ मैदे से गहने बनाने की प्रतियोगिता भी रखी गई। महिलाओं ने बिंदिया से लेकर बिछिया तक गहनों के साज बनाए। सभी गहने जो एक नारी पारंपरिक श्रृंगार करती हैं। सावन की रानी का ताज श्रीमती संध्या कापसे को पहनाया गया। सभी विजेता प्रतियोगी को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में सुषमा ठोसर और किरण शिरेकर श्रेष्ठ रहीं। मैदे से गहने बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुषमा ठोसर, द्वितीय स्थान पर ऊषा तलमेल, तृतीय स्थान पर नंदा पांडे रहीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायिका एवं विशेष अतिथि डॉ. सविता कब्डवाल थी। कार्यक्रम मेंवीणा देशपांडे, मंदा वासनकर, प्रीति पांडे, शोभा भानदकर, छाया अतकरे, मृदुला, मीना शर्मा, चंद्रिका, ज्योति, सुमन, पार्वती, उमा, कीर्ति मुले, भारती नंदनवार सहित अन्य मौजूद थे।

■ प्रतियोगिता में श्रेष्ठ को मिला पुरस्कार

## रामदेव जन्मोत्सव पर रामकथा

# भगवान जल जैसे तो लक्ष्मण बर्फ जैसे शीतल : पं. अरोड़ा



**दुर्ग।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में द्वारकाधीश अवतार बाबा रामदेव के जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित रामकथा के तीसरे दिन बाल योगी पं विष्णु अरोड़ा ने रामचरित मानस के गूढ़ रहस्यों का विवेचन करते हुए कहा कि लक्ष्मण का क्रोधी स्वरूप केवल और केवल श्रीराम की सरलता और महिमा को और बड़ा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम धर्म ध्वज हैं तो लक्ष्मण उस ध्वज का डंडा हैं। वास्तव में लक्ष्मण ही राम की असली ताकत हैं, तभी रावण की सेना ने युद्ध में सर्वाधिक प्रहार उन्हीं पर किया। लक्ष्मण के स्वभाव को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि राम जल जैसे हैं तो लक्ष्मण बर्फ जैसे शीतल भी और कठोर भी। यही उनका चरित्र है। कथा में उन्होंने दशरथ के प्राणत्याग का रहस्य समझाते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम ने अपनी बाल लीलाओं में माता कौशल्या को सर्वव्यापक स्वरूप का अनुभव करवा दिया था, किंतु दशरथ जी इससे अनभिज्ञ रहे। भगवान राम की तीन यात्राएं हैं, पहली गुरुकुल यात्रा जो कि ज्ञान प्राप्ति हेतु हुई। दूसरी विश्वामित्र संग यात्रा जो कि भक्ति की यात्रा थी, जिसमें भक्ति स्वरूपा सीता संग विवाह हुआ। तीसरी वनवास यात्रा जो कि कर्म की यात्रा थी। इस अवसर पर महेश टावरी, छगन चाण्डक, कोमलचन्द चाण्डक, डॉ. दिलीप राठी, सुरेंद्र राठी, मनोज टावरी, सुरेश प्रतिभा गुप्ता, कमल रुंगटा, रामजी सिन्हा, आशीष शर्मा, संजू घाटे, नितिन अग्रवाल, प्रेमा ज्योति रूंगटा, पूनम साहू, पुष्पा देवी रूंगटा, नेहा कश्यप, जगदीश चाण्डक उपस्थित थे।

## उत्कल समाज ने मनाई नुआखाई महापर्व

# नुआखाई पर निकाली शोभायात्रा भक्ति भाव में डूबे सभी श्रद्धालु



**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई नगर क्षेत्र में उत्कल समाज द्वारा नुआखाई महापर्व धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। यह शोभायात्रा सेक्टर-1 स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक से प्रारंभ होकर सेक्टर-5 तक निकाली गई।

विधायक ने शोभायात्रा में शामिल होकर प्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उत्साह और भक्ति भाव से सम्मिलित हुए, जिससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं दिव्य हो उठा। ललित चंद्राकर ने कहा कि नुआखाई ओड़िशा का प्रमुख लोक-पर्व है, जो पश्चिम ओड़िशा के सीमावर्ती छत्तीसगढ़ में भी मनाया जाता है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन मनाया जाता है और इसका शाब्दिक अर्थ है नया खाना। उन्होंने कहा कि नुआखाई के अवसर पर लोग एक-दूसरे के घर आते-जाते हैं और नुआखाई जुहार और भेंट जुहार कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने सभी को नुआखाई महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है। जिससे हम अपनी एकता और समरसता का संदेश पूरे क्षेत्र में फैलाते हैं और अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं।

**शोभायात्रा में शामिल हुए विधायक ललित**

## समाज इवेंट

### एफएसएनएल को मिला राजभाषा अग्रगण्य पुरस्कार



**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 61वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह नरेन्द्र सिंह मेहरा उपनिदेशक गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के मुख्य आतिथ्य एवं चित रंजन महापात्र निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बीएसपी अधिकारी पवन कुमार, पंकज त्यागी विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर संस्थान की ओर से राजभाषा के श्रेष्ठ कियान्वयन वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा अग्रगण्य पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार) पंकज त्यागी, मुख्य महाप्रबंधक ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मनीष कुमार ठाकुर, कनिष्ठ प्रबंधक को राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान एवं मूल्यांकन उप-समिति के सदस्य छगन लाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स का आयोजन, सीबीएसई के नए आरओ को किया सम्मानित

# दुर्ग रीजन सीबीएसई स्कूलों के शैक्षणिक प्रदर्शन की हुई समीक्षा, प्रश्न, सुझाव के साथ डाउट क्लीयर किये

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग रीजन के सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल के लिए नई शिक्षा नीति सहित अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। मीटिंग में दुर्ग रीजन के सीबीएसई स्कूलों के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा भी हुई। साथ ही मीटिंग में भाग लेने वाले प्रिंसिपल्स से प्रश्न, सुझाव भी मांगे गए और प्रिंसिपल्स के डाउट क्लियर किए गए। इस दौरान सीबीएसई के रिजनल ऑफिसर रायपुर जगदीश बर्मन ने दुर्ग रीजन के सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल्स के साथ एक मीटिंग की। कार्यक्रम की शुरुआत में सीबीएसई की डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर विभा झा द्वारा स्वागत किया गया।



### तेजी से बदल रही शिक्षा

डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर विभा झा ने कहा कि दुनिया तेज़ी से बदल रही है और शिक्षा को भी इसके साथ तालमेल बिठाना होगा। सीबीएसई शिक्षा का भविष्य छात्रों को वैश्विक अवसरों, आधुनिक करियर और निरंतर बदलती दुनिया के लिए तैयार करने की आवश्यकता से प्रेरित है।

### प्रिंसिपल और प्रबंधन की भूमिका पर दी जानकारी

मीटिंग को संबोधित करते हुए रीजनल ऑफिसर श्री बर्मन ने कहा कि एनईपी 2020 दिशानिर्देशों का क्रियान्वयन हमें करना होगा। शिक्षण प्रथाओं, छात्र कल्याण- सुरक्षा, स्वास्थ्य और अनुशासन, आगामी परीक्षाएं और मूल्यांकन प्रक्रियाएं, शिक्षक प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण कार्यक्रम पर जोर देना होगा। सांस्कृतिक, खेल और ओलंपियाड के लिए स्कूलों के बीच सहयोग, सोसाइटी,ट्रस्ट,कंपनी अधिनियम आदि का पालन कराना प्रिंसिपल्स की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रिंसिपल और प्रबंधन की भूमिका कैसी हो उस पर विस्तृत जानकारी दी। श्री बर्मन ने कहा कि सीबीएसई शिक्षा का भविष्य कई उभरते रुझानों से आकार ले रहा है। इन रुझानों का उद्देश्य कक्षाओं को रचनात्मकता, सहयोग और आलोचनात्मक सोच के केंद्रों में बदलना है। सीबीएसई स्कूलों में बदलाव का सबसे बड़ा कारण तकनीक है। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड और शैक्षिक ऐप्स के उदय के साथ, सीखना और भी आकर्षक हो गया है। इस अवसर पर केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन के के झा ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कुछ नहीं। इसलिए शिक्षण संस्थाओं की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रिंसिपल ई भारती, रूबी बर्मन रॉय, बिनोद कुमार, इति शर्मा, सुमिता सरकार, आशा साव, श्रीपल्ली वसुंधरा, सोनाली पात्रा, राजेश किन्हेकर, स्वपना वर्गीस, बिपिन देशमुख, संयोगिता सक्सेना, एसआर फिंसी, एस आर क्रिस्टी, वर्षा जॉर्ज, रीता थॉमस, आलोक कुमार श्रीवास्तव, गिरजा शंकर पांडे, नीतू सिंह, विपिन ओझा, प्रतीक ओझा, डॉ माया भट्टाचार्य, दुष्यंत कुमार, अमिताभ दास, जय बैंडलू, राजीव कुमार, धनंजय सिंह, आशीष घोषाल, डॉ बीडी थरकन, एनसी वर्गिस,यशपाल शर्मा, सुतापा सरकार, डी रघुनंद, प्रियंका शुक्ला,नरेंद्र भालेराव, योगिता शर्मा, दीप्ति तिवारी, व्ही एम पुष्प लता, रीबा चौधरी,गिरीश कुमार, जैकब थॉमस उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 24वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता शुरू, 6 तक चलेगा रोमांचक दौर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाजी संघ के तत्वावधान में 24वीं राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता की शुरुआत माना स्थित चौथी बटालियन की शूटिंग रेंज में गुरुवार को हुई। पिछले 23 वर्षों से यह प्रतियोगिता सफलता पूर्वक जिंदल समूह के सौजन्य से आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि अरुण देव गौतम पुलिस महानिदेशक ने सभी रेंज को गौर से देखा और शूटिंग ट्रायल से प्रतियोगिता की शुरुआत की। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन के इस आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि यूथ को शूटिंग को भी एक नेचुरल स्पोर्ट्स की तरह देखना चाहिए और यूथ को इसमें आगे आना चाहिए ऐसे आयोजन से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों को एक नई दिशा मिलेगी। वही विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर टी. एस.बावा कोसा कमांडर ने जिंदल समूह के इस शूटिंग आयोजन के लिए उनकी सराहना की साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में टैलेंट की कमी नहीं हैं हमें जरूरत हैं उन प्रतिभाओं को निखारने और सामने लाने की। इस आयोजन से छत्तीसग़ढ राज्य के खिलाड़ी राज्य में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय के लिए भी अपनी तैयारी कर सकेंगे। इस आयोजन में विक्रम सिसोदिया सेक्रेटरी जनरल छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ एवं पुष्कर शर्मा भी शामिल हुए। साथ ही जिंदल स्टील के प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन, उदय प्रताप सिंह व छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन के अधिकारी मौजूद रहे। ये प्रतियोगिता आगामी 6 सितंबर तक चलेगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए शूटर्स इसमें भाग ले रहे हैं। इसमें 50 मीटर,25 मीटर और 10 मीटर की रायफल शूटिंग के अलावा पिस्टल की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जिसमें महिला, पुरूष दोनों वर्गों में ये प्रतियोगिता हो रही हैं।

### बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट में आशुतोष ने बनाए 54 रन



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 18 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (26 - 28 अगस्त) चेन्नई, तमिलनाडु में तमिलनाडु के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 83.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 266 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से इंद्रजीत ने 78 रन बनाये। साथ ही प्रदोष रंजन ने 68 रन तथा विमल कुमार ने 54 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक तिवारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट प्राप्त किये। उनके अतिरिक्त शाहबान खान तथा ऋषि शर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 64 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 187 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से ऋषि शर्मा ने सर्वाधिक 54 रन तथा शाहबान खान ने 51 रनों का योगदान दिया। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेम चुडेसन ने 6 विकेट तथा विद्युत ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन तमिलनाडु ने अपनी दूसरी पारी में 44.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 121 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से इंद्रजीत ने 32 रन तथा अम्बरीश ने 20 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शाहबान खान ने 5 विकेट तथा शशांक तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 38.4 ओवरों में 141 रन बनाकर आल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से आशुतोष सिंह ने 54 रन बनाये, उनके अतिरिक्त अन्य कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेम चुडेसन ने 5 विकेट तथा विद्युत ने 5 विकेट प्राप्त किये। तमिलनाडु ने मैच 59 रनों से जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

### आकर्षि ने कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में जीता कांस्य पदक



**रायपुर।** बैडमिंटन की सितारा खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन इंटरनेशनल चैलेंज सीरीज़ का हिस्सा है। मध्य-पश्चिम अफ्रीका स्थित देश कैमरून की राजधानी याउंडे में आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे आकर्षी की यह उपलब्धि हासिल की। दुर्ग की आकर्षि को एनटीपीसी कोरबा की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के अंतर्गत सहयोग प्राप्त है, जिसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और युवाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। आकर्षि ने कहा, "कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में कांस्य पदक जीतना मेरे लिए गर्व का क्षण है। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण था।

## देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर का खतरा

# लाइफस्टाइल की गड़बड़ आदतें बढ़ा रही हैं फैटी लिवर रोग का खतरा, हो जाइए सावधान

लिवर से संबंधित कई तरह की बीमारियां वैश्विक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम रही हैं। लिवर में फैट बनने यानी फैटी लिवर की समस्या का खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम में बताया कि देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज हो सकती है। सभी लोगों को लिवर की बढ़ती इस बीमारी को लेकर सावधानी बरतना और बचाव के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। लिवर में फैट जमने का खतरा उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो शराब नहीं पीते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि इसके लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी एक कारण हो सकती है। वजन अधिक होना, शुगर कंट्रोल में न रहना भी इस रोग का एक बड़ा मानी जाती हैं।आइए जानते हैं कि दिनचर्या की किन आदतों के कारण आप फैटी लिवर रोग के शिकार हो सकते हैं?



### फैट बनने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जो लिवर में फैट की मात्रा बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से जोखिम बढ़ सकती है। जब हमारा लिवर, फैट वाली चीजों को सामान्य रूप से संसाधित और विघटित नहीं कर पाता है तो इसके कारण फैट जमने का खतरा हो सकता है। मोटापा, मधुमेह या हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसी कुछ अन्य स्थितियों से पीड़ित लोगों में भी फैटी लिवर विकसित होने की आशंका अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फैटी लिवर की दिक्कत से बचे रहने के लिए लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव किए जाने आवश्यक हैं।

### कम कर दें चीनी का सेवन

अध्ययनकर्ताओं ने बताया, फैटी लिवर रोग विशेष रूप से नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के लिए अधिक मात्रा में चीनी के सेवन को जिम्मेदार माना जाता है। ये आदत ब्लड शुगर के स्तर को काफी बढ़ा देती है जिससे लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने लगती है। कैंडी, आइसक्रीम और मीठे पेय भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ज्यादा चीनी का सेवन करते हैं तो सावधान हो जाइए।



### शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना खतरनाक

नियमित व्यायाम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। व्यायाम की कमी फैटी लिवर रोग के खतरे को तो बढ़ाती ही है साथ ही इससे शारीरिक और मानसिक कई प्रकार की समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से न सिर्फ फैटी लिवर के प्रबंधन में मदद मिलती है साथ ही जिन लोगों को ये समस्या नहीं है उनमें ये जोखिमों को भी कम करती है। एनएएफएलडी की समस्या वाले लोगों को सप्ताह में कम से कम 150-300 मिनट के मध्यम एरोबिक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है।

# बेलपत्र रखने की सही दिशा जरूर जानिए



वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही स्थान और दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। बेलपत्र को किन-किन स्थानों पर रखना शुभ माना जाता है, यह आपको जानना जरूरी है।

### पश्चिम दिशा में रखें बेलपत्र

बेलपत्र में पवित्रता और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने की शक्ति होती है। पश्चिम दिशा में रखने से यह नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है और घर में सकारात्मक वातावरण बनाता है। बेलपत्र की उपस्थिति मन को शांत करती है और घर में शांति और स्थिरता लाती है। सूर्य पश्चिम दिशा में अस्त होता है। सूर्यास्त को दिन का अंत और नए दिन की शुरुआत माना जाता है। इसीलिए इसे परिवर्तन और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक भी माना जाता है। पश्चिम दिशा को शांति और स्थिरता का प्रतीक भी माना जाता है। इसलिए बेलपत्र को पश्चिम दिशा में रखें।

### दक्षिण दिशा में रखें बेलपत्र

वास्तु शास्त्र के अनुसार, दक्षिण दिशा को यमराज यानी मृत्यु के देवता की दिशा माना जाता है। इस दिशा में बेलपत्र रखने से व्यक्ति को ग्रह दोष से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### बेडरूम में रखें बेलपत्र

बेलपत्र को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है और इसे भगवान शिव को चढ़ाया जाता है। बेलपत्र को पवित्र माना जाता है और इसे पूजा स्थल या मंदिर में रखना शुभ माना जाता है। बेडरूम को आराम और निंद्रा का स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थान पर बेलपत्र रखने से व्यक्ति को नींद अच्छी आती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

### पूजा घर में रखें बेलपत्र

बेलपत्र को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। इसलिए पूजा घर में बेलपत्र अवश्य रखें। ऐसा कहा जाता है कि बेलपत्र पूजा घर में रखने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उत्तम फलों की प्राप्ति होती है।

# फ्रिज में रखते हैं गर्म खाना, जान लें नुकसान



फ्रिज में लोग ठंडा गर्म तमाम तरह की चीजें रखते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो अनजाने में अपने फ्रिज में गर्म चीजों को रख देते हैं। बता दें कि फ्रिज में गर्म खाना रखने के एक या दो नहीं कई सारे नुकसान है।

### बढ़ाता है फ्रिज के तापमान को

जब गर्म खाना सीधे फ्रिज में रखा जाता है, तो यह फ्रिज के अंदर का तापमान बढ़ा सकता है। फ्रिज का आइडियल तापमान 4डिग्री (39फैरनहाइट) होता है। गर्म खाना रखने से यह तापमान अस्थिर हो सकता है, जिससे आपका फ्रिज खराब हो सकता।

### खाद्य पदार्थों का जल्दी खराब होना


गर्म खाने को फ्रिज में रखने से फ्रिज के अंदर के तापमान अनबैलेंस हो जाता है जिसके कारण फ्रिज में रखे दूसरे भोजन जल्दी खराब हो सकते हैं। अगर तापमान 4डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो खाद्य पदार्थों के भीतर बैक्टीरिया और कीटाणुओं का विकास तेजी से हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### गर्मी से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता प्रभावित होना

गर्म भोजन को फ्रिज में रखने से उसकी क्वालिटी और स्वाद पर भी प्रभाव पड़ सकता है। गर्म भोजन ठंडा होते समय कंप्रेस्ड हो सकता है और इसकी बनावट और स्वाद दोनों प्रभावित हो सकता है। यह भोजन की पोषण वैल्यू को भी प्रभावित कर सकता है।

फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित करना

गर्म खाना फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित कर सकता है। जब फ्रिज में गर्म खाना रखते हैं, तो वेंटिलेशन सिस्टम को अधिक काम करना पड़ता है, जिससे फ्रिज की एनर्जी खपत बढ़ सकती है और फ्रिज की लाइफ कम हो सकती है।




# बिस्तर में लेटे-लेटे करें एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी हो जाएगी कम

मोटापा एक बड़ी समस्या है। यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है। बढ़ते वजन को समय रहते कंट्रोल करना जरूरी होता है वरना इसका आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। वेट लॉस के लिए लोग कई तरकीब आजमाते हैं। लेकिन, असल में हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज, दोनों का सही बैलेंस वजन कम करने के लिए जरूरी है। काफी लोग आलस या टाइम की कमी के चलते जिम नहीं जा पाते हैं या घर पर भा एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। ऐसे में हम आपको 2 ऐसी आसान एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बेड पर भी कर सकती हैं। ये पूरी शरीर को चर्बी को कम करती हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

### प्लैंक एक्सरसाइज

इसे आप आसानी से बेड पर कर सकती हैं।इसे करने के लिए, सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। शरीर को एक सीध में रखें। हथेलियों और पंजों पर दबाव डालते हुए प्लैंक की



पोजिशन में आ जाएं। शरीर को एक सीध में रखें।शरीर को ऊपर उठाकर प्लैंक की पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। आपके शरीर का भार पंजों और हाथों पर होना चाहिए। इसे आपको रोज 5 मिनट के लिए करना है। इसे करने से बेली फैट और आर्म फैट कम होता है। यह एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी को कम करने में कारगर है। इससे मसल्स को मजबूती मिलती है।

### रिवर्स क्रंचेज

यह एक्सरसाइज भी बेड पर की जा सकती है। इसे करने के लिए बिस्तर पर कमर के बल लेट जाएं। अब बांहों को सीधा रखें और हथेलियों को नीचे की तरफ रखें।अब 90 डिग्री पर आप अपने घुटनों को बेंड करें और अपने पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। आपको अपनी जांघों को फ्लोर से 90 डिग्री पर रखें।हथेलियों पर दबाव डालें और हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं।घुटनों को सीने की तरफ करें। इसके बाद, हिप्स को वापिस नीचे की तरफ ले जाएं। इसी तरह से इसे दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने से पेट और हिप्स की चर्बी कम होगी। इससे जांघों की मांसपेशियों पर भी दबाव पड़ता है।

बिस्तर में लेटे-लेटे इन एक्सरसाइज को करने से आप आसानी से पूरे शरीर की चर्बी को कम कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



## कार्नर न्यूज

## आपके बारे में बहुत कुछ बयां कर सकती हैं आपकी आंखें

# आंखें बता देती है आपकी शख्सियत, बस आपको आना चाहिए इन्हें ठीक से पढ़ना


एक कहावत है कि आपकी आंखें आपके बारे में बहुत कुछ बयां कर सकती हैं। वास्तव में ये काफी हद तक सच है कि आंखें आपके भीतर होने वाली गतिविधियों का आइना होती हैं। हालांकि काफी हद तक आंखों का रंग सिर्फ आपकी शारीरिक रचना है, लेकिन अगर हम ज्योतिष की मानें तो हमारे आंखों के रंगों में हमारे व्यक्तित्व का राज छिपा होता है।

### भूरी आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

यदि आपकी आंखें हल्की या मध्यम भूरी हैं तो आप एक मज़ेदार, दूसरों की देखभाल करने वाले और सहज व्यक्ति हो सकते हैं। आप वास्तव में एक विनम्र व्यक्ति हैं और स्वभाव से बहुत स्वतंत्र हैं। आपको नए दोस्त बनाना पसंद है और आप जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं।

### हरी आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

हरी आंखों वाले लोग आमतौर पर रहस्यमयी होते हैं। इस रंग की आंखों वाले लोगों का दृष्टिकोण रचनात्मक होता है और वे इतने जिज्ञासु होते हैं कि




प्रश्न पूछने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। इस तरह के रंग वाली आंखों के लोग जीवंत रहते हैं और युवा व्यक्तित्व से जुड़े होते हैं।

### काली आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

गहरी काली आंखों वाले लोगों के व्यक्तित्व को लेकर अक्सर दिलचस्प धारणाएं होती हैं। काली आंखों वाले लोग आमतौर पर बहुत आशावादी और जिम्मेदार माने जाते हैं। वे अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हैं और अपने कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत बातें और योजनाएं दूसरों से छिपाकर रखते हैं, और केवल अपने सबसे करीबी और भरोसेमंद लोगों के साथ ही अपने दिल की बात साझा करते हैं। उनका यह स्वभाव उन्हें एक रहस्यमयी और आकर्षक व्यक्तित्व प्रदान करता है, जो दूसरों को उनकी ओर खींचता है।

### ग्रे आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी


आप कई बार ऐसे लोगों से मिलते होंगी जिनकी आंखें ग्रे होती हैं। ऐसी आंखों वाले लोग शांत और संगठित स्वभाव के होते हैं



और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर अक्सर मजबूत रहकर महान नेता बनते हैं। कई बार ये व्यक्ति अपने तक ही सीमित रह सकते हैं, लेकिन जब उन्हें सही वातावरण और प्रोत्साहन दिया जाता है, तो वे उन्नति करते हैं और आपको अपने तेज दिमाग और ताकत और दृढ़ संकल्प का सच्चा व्यक्तित्व दिखाते हैं।

### नीली आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

नीली आंखों वाले लोगों के व्यक्तित्व के बारे में कई दिलचस्प बातें कही जाती हैं। नीली आंखों वाले व्यक्ति आमतौर पर युवावस्था और जीवंतता का प्रतीक माने जाते हैं। उनकी आंखें उनकी आत्मा की एक झलक प्रस्तुत करती हैं, जिससे वे हमेशा युवा और ऊर्जा से भरपूर नजर आते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सगाई से पहले इन सेलेब्स को डेट कर चुकी हैं टेलर, एक के लिए तो गाना तक लिखा



दुनियाभर में अपनी आवाज और गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली अमेरिकी सिंगर और म्यूजिशियन टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स से सगाई की है। टेलर अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि टेलर का निजी जीवन हमेशा से ही चर्चा का विषय रहा है। उनकी लव लाइफ जितनी रंगीन और दिलचस्प रही, उतनी ही मुश्किल भी। कभी प्यार में धोखा तो कभी काम करते करते इश्क, टेलर अब तक कई लड़कों को डेट कर चुकी हैं। चलिए जानते हैं टेलर स्विफ्ट के अब तक के रिलेशनशिप्स पर।

टेलर जब किशोरावस्था में थीं तो उनका पहला क्रश डू डनलैप माने जाते हैं। दोनों का रिश्ता बहुत लंबा नहीं चला, लेकिन इस अनुभव से टेलर ने अपना शुरुआती हिट गाना लिखा। उनके इसी गाने ने उन्हें म्यूजिक इंडस्ट्री में पहचान दिलाई। डू से उनका रिश्ता इसलिए टूटा क्योंकि डू को स्कूल के लिए कहीं और जाना पड़ा था। टेलर के एक्स बॉयफ्रेंडस की लिस्ट में सैम आर्मस्ट्रोंग का नाम भी शामिल है। सैम ने टेलर को धोखा दिया, जिससे वह गहरे दर्द से गुजरीं। इस रिश्ते का अंत उनके लिए कड़वा अनुभव रहा, लेकिन इसी से प्रेरणा लेकर उन्होंने हिट गाना लिखा, जो आज भी फैंस का फेवरेट है। स्कूल के दिनों में टेलर का नाम जॉर्डन अल्फोर्ड से भी जुड़ा। हालांकि यह रिश्ता भी जल्दी खत्म हो गया। ब्रेकअप के बाद टेलर ने गाना 'पिक्चर टू बर्न' लिखा, जिसमें उन्होंने जॉर्डन से मिली चोट और धोखे को बयां किया। साल 2008 में टेलर का रिश्ता पॉप स्टार जो जोनस से रहा।

### टॉलीवुड

## राम चरण ने शुरू की 'पेद्दी' के गाने की शूटिंग फैंस को शुभकामनाएं देते हुए लिखा नोट



बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेद्दी' को लेकर राम चरण ने एक खास वीडियो शेयर किया है। जिसने इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुक्ता को और अधिक बढ़ा दिया है। राम चरण की नई फिल्म 'पेद्दी' एक ग्रामीण स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं। इस फिल्म ने अपने शानदार सींस और रोमांचक कहानी से सबका ध्यान खींचा है। शूटिंग तेजी से चल रही है और गणेश चतुर्थी के मौके पर निर्माताओं ने एक खास वीडियो जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माताओं ने बताया कि मैसूर में राम चरण पर एक भव्य गाना फिल्माया जा रहा है, जिसे जानी मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने राम चरण के किरदार के लिए एक शानदार गीत बनाया है, जिसे 1000 से ज्यादा नर्तकों के साथ बड़े पैमाने पर शूट किया जा रहा है। यह गाना फिल्म का एक प्रमुख आकर्षण होगा। निर्देशक बुची बाबू ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, 'यह एक मेगा पावर ब्लास्ट है। रत्नावेलु का विजुअल गाना आज शुरू हो रहा है। सभी को विनायक चविथी की शुभकामनाएं।' 'पेद्दी' की टीम उत्सव के बीच भी पूरी मेहनत से काम कर रही है, जो उनकी लगन को दर्शाता है। राम चरण ने अपने इंस्टाग्राम पर सेट से एक वीडियो शेयर किया और लिखा, 'भगवान गणेश आपके जीवन में शांति, सफलता और सकारात्मकता लाएं।' बुची बाबू ने बताया कि राम चरण को फिल्म में 'मेगा पावर स्टार' के रूप में पेश किया जाएगा। फैंस को लगता है कि यह नाम राम चरण के लिए एक दम सही है। इस फिल्म में राम चरण के अलावा जान्हवी कपूर मुख्य अभिनेत्री हैं, जबकि दिव्येंदु, शिव राजकुमार और जगपति बाबू महत्वपूर्ण किरदारों में हैं। संगीत एआर रहमान का है और फिल्म वेंकट सतीश किलारू द्वारा निर्मित है। 'पेद्दी' 27 मार्च, 2026 को रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## मोनालिसा से खेसारी लाल तक सितारों ने किया बप्पा का स्वागत



गणेश चतुर्थी के त्योहार पर बॉलीवुड में खूब रौनक देखने को मिलती है। इसी तरह कई भोजपुरी सितारों ने भी गणेश चतुर्थी पर बप्पा का स्वागत किया है। कुछ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को बधाई दी हैं। भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने घर बप्पा बिठाए हैं। तस्वीरों में मोनालिसा, उनके पति विक्रांत सिंह राजपूत और परिवार के अन्य सदस्य पूजा-पाठ करते दिख रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'गणपति बप्पा मोरया, सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं'। भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने भी गणेश चतुर्थी पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने भी बप्पा का स्वागत किया है। अभिनेता ने पोस्ट के साथ लिखा है, 'गणपति बप्पा मोरया...भगवान श्री गणेश जी सब के मंगल करीं, इहे प्रार्थना बा'। भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने भी गणपति का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। काजल ने लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'भगवान गणेश आपके जीवन को खुशियों और शांति से भर दें। गणपति बप्पा मोरया! आपके घर में सदैव समृद्धि बनी रहे। भगवान गणेश आपके मार्ग से हर बाधा को दूर करें'। रानी चटर्जी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर फैंस को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं।

## काउबॉय ट्रेंड

### लाइफ स्टाइल



फ़ैरेल विलियम्स ने लुई वुइटन के पुरुषों के फ़ॉल 2025 शो के लिए काउबॉय लुक को नए अंदाज़ में पेश किया। हालाँकि बेयोंसे इस ट्रेंड को 'गन्स-ए-ब्लेज़िन' के साथ ला रही हैं, लेकिन वुइटन के फ़ॉल 2025 मेन्सवियर शो के लिए फ़ैरेल विलियम्स ने ही क्लासिक अमेरिकी संस्कृति और पश्चिमी परिधानों की समृद्ध विरासत पर अपने शानदार अंदाज़ से इसकी शुरुआत की। विलियम्स का रनवे कढ़ाईदार, झालरदार और फूलों वाले चमड़े और डेनिम से भरा हुआ था।

## होंठों के लिए फायदेमंद है घरेलू स्क्रब जानें बनाने और इस्तेमाल का तरीका

अगर आप भी अपने होंठों प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाना चाहते हैं तो आपको घरेलू स्क्रब के बारे में जानना चाहिए। स्क्रब आपके होंठों की त्वचा को एक्सफोलिएट करने और उन्हें मुलायम और स्वस्थ रखने के लिए एक प्रभावी उपाय है।

इस स्क्रब को तैयार करना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बाउल में शहद और चीनी को मिलाएं। इसे थोड़ी देर ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चीनी थोड़ी सी नर्म हो जाए। थोड़ी देर के बाद ये स्क्रब इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

अब जब ये स्क्रब तैयार है तो इस स्क्रब को अपने होंठों पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। लगाने के बाद 1-2 मिनट तक होंठों पर अच्छी तरह से मसाज करें। ध्यान रखें कि होंठों की मसाज आपको हल्के हाथ से ही करनी है। मसाज के बाद स्क्रब को एक गीले कपड़े या गुनगुने पानी से साफ कर लें। इसके बाद आखिर में अपने होंठों पर कोई लिप बाम या नारियल का तेल लगाएं ताकि उन्हें नमी मिले। इस स्क्रब का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

### मिलेंगे ये फायदे



इस स्क्रब के इस्तेमाल से आपको तमाम फायदे मिलेंगे। जैसे कि ये स्क्रब होंठों के कालेपन को दूर करने का काम करता है। इसके साथ-साथ इस स्क्रब में शहद मिले होने की वजह से ये होंठों को नमी और चमक प्रदान करता है।

## साड़ी से लेकर सूट के साथ में बेस्ट लगेंगे जूड़े, जानिए आसान तरीका



स्टाइलिश दिखने के लिए सही कपड़े और एक्सेसरीज के अलावा लुक में जान डालने के लिए सही तरह का हेयर स्टाइल भी चुना जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते फैशन के दौर में कई तरह के नए हेयर स्टाइल्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसमें ट्रेडिशनल लुक के साथ में बन हेयर स्टाइल्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।



वहीं छोटी लेंथ होने के कारण बालों का जुदा कई लोग नहीं बना पाते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी और सूट के साथ में बालों का बनाने के आसान तरीके। साथ ही, बताएंगे इन जुड़ा हेयर स्टाइल्स को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-

### फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

मिनटों में बालों का हेयर स्टाइल बनाना चाहती हैं तो हर तरह की लेंथ पर आसानी से फ्रेंच स्टाइल जुड़ा बन जाएगा। इसके लिए सबसे पहले आप बालों को दो भाग में बांट लें और एक के ऊपर एक 2 पोनीटेल बना लें। अब एक हिस्से के बालों को बैक कोंब करके बेस तैयार कर लें। आप चाहें तो इसके लिए स्टफिंग का ही इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक कोंब करके बालों को यू-पिन की मदद से सेट कर लें। बचे हुए बालों के बाकी हिस्से से पहले वाले भाग को कवर कर लें। इसे पिंस की मदद से सेट करने के बाद फ्रेंच बन में आप मनपसंदहेयर एक्सेसरीका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### फ्रंट ब्रेड बन हेयर स्टाइल

बन बनाने के लिए बालों को फ्रंट से भी स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है, ताकि आपका लुक कंप्लीट नजर आए। इसके लिए आप फ्रंट स्टाइलिंग के लिए लूज बटरफ्लाई ब्रेड बना लें। बची बालों की लेंथ को आप डोनट की मदद से यू-पिंस लगाकर सेट कर सकती हैं।

### मेसी लुक बन हेयर स्टाइल

बालों के लिए कम समय में सिंपल से ग्लैम और एलिगेंट लुक वाला जुड़ा बनाना चाहती हैं तो इस तरह के मॉडर्न हेयर स्टाइल आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के बन हेयर स्टाइल को आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल वियर के साथ में बनाया जा सकता है। मेसी लुक हेयर स्टाइल हर तरह के फेस शेप पर सूट करता है।

## सूट के साथ खास नेल आर्ट डिजाइंस, मिलेगी तारीफ

आज शादी और पार्टियों जैसे मौके पर सूट या साड़ी को सबसे ज्यादा पहना जाता है। ऐसे में खास नेल आर्ट अपनाना समझदारी भरा काम है। जानिए इसका सही तरीका-

### स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन में आपको कई तरह के डिजाइन और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। नाखूनों को फैंसी लुक देने के लिए आप किसी भी कलर का नेल पेंट लगाकर इस पर ग्लिटर ग्लू की मदद से स्टोंस को चिपका सकती हैं। स्टोन के साइज के लिए आप छोटे आकार को चुनें। ऐसा इसलिए क्योंकि छोटे नाखूनों पर बड़े साइज के स्टोन अच्छे नहीं लगते हैं।

### पेस्टल नेल आर्ट डिजाइन

सोबर लुक में नेल आर्ट ढूंढ रही हैं तो इस तरह से लाइट कलर वाले पेस्टल शेड के नेल आर्ट डिजाइंस को चुन सकती हैं। नेल्स को फैंसी टच देने के लिए आप ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहें तो बारीक शिमर पार्टिकल्स की मदद से भी हाथों के एक या दो



नाखूनों को सजा सकती हैं।

### शिमर नेल आर्ट डिजाइन

शिमर वाले नेल्स देखने में बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इसके लिए आप नेल पोलिश भी मैट की जगह पर ग्लॉस या शाइन देने वाली ही इस्तेमाल करें। देखने में इस तरह के नेल्स बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करते हैं। इस तरह से शिमर को लगाने के लिए आपको मार्केट में अलग से शिमर वाली नेल पोलिश मिल जाएगी। आप इसे अलग से भी ग्लू की मदद से लगा सकते हैं।

## हाथों की सुंदरता बढ़ाने पहनिए ब्रेसलेट


हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए हम अक्सर चूड़ी या कंगन खरीदते हैं। लेकिन हर ड्रेस के ऊपर यह चीजें अच्छी नहीं लगती है। इसके लिए आप हाथों में ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। ब्रेसलेट को आप एथनिक से लेकर वेस्टर्न हर तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपके हाथों की सुंदरता बनी रहेगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं, जो आपको अच्छे डिजाइन में मिल जाएंगे।

### क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप अपने हाथों में क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे ब्रेसलेट में क्रिस्टल डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही, अगर आपको किसी बर्ड या फ्लावर का डिजाइन चाहिए तो ऐसा ब्रेसलेट भी मिल जाएगा। इस तरह के ब्रेसलेट एथनिक के साथ-साथ वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में आर्टिफिशियल ज्वेलरी डिजाइन में मिल जाएंगे।

### स्टोन डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर स्टोन पहनना पसंद करती हैं, तो इसके लिए



आप स्टोन वर्क वाले ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट डिजाइन आपको कई सारे स्टोन कलर और डिजाइन में मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आप अपने हाथों की सुंदरता को दोगुना कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट को आप हर तरह के डिजाइन वाले आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के ब्रेसलेट आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएंगे।

### पर्ल बीड्स ब्रेसलेट डिजाइन

आप अपने हाथों में पर्ल बीड्स डिजाइन वाले ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट आपको बड़े और छोटे डिजाइन में मिल जाएंगे। इसे आप किसी भी तरह के आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के ब्रेसलेट आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी। इससे आपके हाथ सुंदर लगेंगे।

## कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में खास फैशन टॉप टिप्स आपके लिए

## बारिश की विदाई के दौर में जींस के साथ अपनाइए प्रिंट, लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स

जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब बारिश जाने वाली है लेकिन गर्मी भी बरकरार है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है। इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।

### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की



है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

### कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।

